



भाईदूज आज

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 293 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 बिजली पोल जलने से एक घंटे तक बिजली गुल
5 फिल्म 'थामा' में मेरी भूमिका थोड़ी अजीब है : नवाजुद्दीन
6 मुख्यमंत्री ने विजयवर्गीय को बताया 'भाई साहब'



## वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश कांग्रेस देश में दूसरे नंबर पर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की ओर से पूरे देश में वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में मप्र कांग्रेस बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रही है। मप्र कांगेस ने अभियान में अब तक 35 लाख हस्ताक्षर एकत्रित किए हैं। हस्ताक्षर के मामले में मप्र देश में दूसरे स्थान पर है। अभियान में अब तक सबसे अधिक 40 लाख से ज्यादा हस्ताक्षर तमिलनाडु कांग्रेस ने कराए हैं।

एआईसीसी ने 15 सितंबर से वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया था। अभियान के तहत पार्टी ने पूरे देश में 5 करोड़ हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य रखा है। अभियान 15 अक्टूबर को समाप्त होना था, लेकिन लक्ष्य के अनुसार हस्ताक्षर एकत्रित नहीं हो पाने के कारण कांग्रेस ने अभियान की अवधि बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी है। मप्र कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान के ढंग से संचालन के लिए अक्टूबर में विधानसभा वार प्रभारी घोषित किए थे। हर विधानसभा में 20 हजार हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने बताया कि वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर एकत्रित करने में मप्र देश में दूसरे स्थान पर है। अब तक प्रदेश में करीब 35 लाख हस्ताक्षर कराए जा चुके हैं। मप्र में अभियान के दौरान

हस्ताक्षर एकत्रित करने का आंकड़ा 40 लाख के पार पहुंचने का अनुमान है। इस दौरान विधानसभा प्रभारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एक के बाद एक कई त्योहार होने और पार्टी की अन्य संगठनात्मक गतिविधियां आयोजित होने के कारण हस्ताक्षर अभियान प्रभावित हुआ, इस कारण इसकी अवधि बढ़ाई गई है।

> माननीय राहुल गांधीजी और एआईसीसी के निर्देश अनुसार भाजपा द्वारा मतदाता सूची में की जा रही गड़बड़ी के विरोध स्वरूप वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश के सभी जिलों के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
>
> - अमित चौरसिया, प्रदेश प्रवक्ता, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी

### ब्रेकिंग न्यूज

- यमुनोत्री धाम के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद होंगे
- 'बिहार के भविष्य' पर आज युवाओं से वर्चुअल संवाद करेंगे पीएम मोदी
- पंजाब में पराली जलाने के 484 मामले दर्ज
- दिल्ली की गीता कॉलोनी स्थित रानी गार्डन की झुग्गियों में लगी भीषण आग
- ट्रंप ने फिर किया दावा, कहा- भारत-पाक युद्ध मैंने रुकवाया
- रोहिणी में दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन, गोलीबारी में 4 बदमाश हुए घायल
- बैंगलुरु : ट्विन टनल रोड टेंडर रद्द करने की याचिका पर हाईकोर्ट आज करेगी सुनवाई
- अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर लगाया कड़ा प्रतिबंध
- महागठबंधन के नेता आज पटना में करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस

## बंद होगी मेडिकल यूनिवर्सिटी! स्थानीय विवि से मिलेगी संबद्धता

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मेडिकल विश्वविद्यालय, नवलपुर अगरले शिक्षा सत्र से मेडिकल, नर्सिंग, पैरामेडिकान की डिग्री नहीं देगा। पूर्व की तरह मेडिकल कॉलेजों की संबद्धता और डिग्री देने का काम स्थानीय विश्वविद्यालय करेंगे। नर्सिंग और पैरामेडिकल की संबद्धता देने का काम अभी से प्रारंभ कर दिया गया है। भारतीय नर्सिंग परिपद (आईएनसी), राज्य नर्सिंग परिपद और भारतीय पैरामेडिकल परिपद के जरिए जिन कॉलेजों को मान्यता मिल्न गई है, वे अब संबद्धता के लिए संबंधित विवि में आवेदन भी करने लगे हैं।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव पर इसे कैबिनेट की बैठक में रखा प्जाएगा। प्रस्ताव में उल्लेख होगा कि मेडिकल विश्वविद्यालय को चरणबद्ध तरीके से पांच वर्ष में बंद किया जाए। फिर एक साथ सभी मेडिकल कॉलेजों की परीक्षाएं कोने का काम स्थानीय विषि को सौंपा नाए। इसको लेकर उच्चा शिक्षा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग सहमति प्रस्ताव तैयार करेंगे। केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति में भी सभी कॉलेजों को स्थानीय विवि से संबद्धता पर जोर दिया है। शिक्षा सत्र, परीक्षाएं और डिग्रियां विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी। संबद्धता के लिए स्थानीय स्तर पर आवेदन कर सकेंगे। कॉलेज और विश्वविद्यालय पास-पास होंगे, तो इससे समस्याओं का जल्द निराकरण होगा।



### डीम्ड जूडा की चेतावनी, छात्रों के भविष्य पर पड़ेगा बुरा प्रभाव

75 मेडिकल कॉलेज अटैच हैं प्रदेश के मेडिकल विवि से। मेडिकल विवि में जिस भी कॉलग का संवद्धता सहित अन्य जो भी फंड जमा हैं वो संबंधित यूनिवर्सिटी को ट्रांसफर कर दिए जाएंगे।

### उच्य शिक्षा विभाग के अधीन होगा मेडिकल विवि

मेडिकल विवि को उच्च शिक्षा विभाग के अधीन करने पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में मर्ज किया जाएगा। मा आर्युविज्ञान विवि, प्रदेश के सभी मेडिकल डेंटल, नर्सिंग, पैरामेडिकल, आयुर्वेद, होमियोपैथी, यूनानी, योगा कॉलेजों की गर्विनिंग बॉडी है। दरअसल, मेडिकल कॉलेजों में संबद्धता और परीक्षाओं को लेकर तमाम शिकायतें सरकार के पास आती



## रातें ठंडी और उमसभरे दिनों के बीच बदल रहा शहर का मौसम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में पिछले एक सप्ताह से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान दिन का तापमान बढ़ा है, जबकि रात का पारा गिर गया है, जिससे दिन में गर्मी और उमस का एहसास हो रहा है। दीपावली के बाद मंगलवार को दिनभर धूप और बादलों के बीच उमस बनी रही। दिन का अधिकतम तापमान 0.6 डिग्री बढ़कर 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री घटकर 18.6 डिग्री पर पहुंच गया। रात में चल रही ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस सप्ताह इंदौर और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अक्टूबर के शेष सप्ताह में प्रदेश का मौसम बदलते मिजाज वाला रहेगा। अगले दो से तीन दिनों तक सुबह और रात के समय हल्की ठंड का अहसास होगा, जबकि दिन में धूप की गर्माहट बनी रहेगी। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई गई है। विभाग के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड का असर तेज़ी से बढ़ने लगेगा।

### इंदौर संभाग में बूंदाबांदी की संभावना

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 21 अक्टूबर से दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय हो गया है, जिसका असर प्रदेश में भी देखा जा सकता है। इसके चलते 22 और 23 अक्टूबर को इंदौर संभाग के कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है।

## दीपावली खत्म होते ही सोने व चांदी का मिजाज हुआ ठंडा, धड़ाम हुए भाव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इस हफ्ते की शुरुआत में सोने और चांदी की कीमतों में बहुत बड़ी गिरावट आई। आज भी गिरावट जारी रही। इससे पहले, दोनों की कीमतें बहुत बढ़ चुकी थीं और रिकॉर्ड हाई पर पहुँच गई थीं। लेकिन जब बाजार कमजोर होने लगा, तो निवेशकों ने फायदा उठाने के लिए अपना मुनाफा निकालना शुरू कर दिया। मंगलवार को सोने की कीमतें पिछले दस साल में सबसे ज्यादा गिर गईं और चांदी की कीमतें फरवरी 2021 के बाद सबसे ज्यादा एक दिन में गिरीं। इस कमजोरी से पता चलता है कि निवेशक अब बहुत सावधान हो गए हैं क्योंकि वे अमेरिका की आर्थिक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार को सोने की कीमतें शुरू में गिर गईं। डॉलर की ताकत थोड़ी बढ़ी (0.1%), जिससे सोना दूसरे देशों की मुद्राओं में महंगा हो गया। क्योंकि सोने की कीमतें अमेरिकी डॉलर में तय होती हैं, जब डॉलर मजबूत होता है तो सोने की मांग कम हो जाती है।

## उद्योगपति एवं कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल के शौरूम में लगी आग, दम घुटने से मौत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देवास नाका क्षेत्र में आज तड़के सुबह चार बजे एक पेंटाहाउस में आग लगने से इंदौर के उद्योगपति प्रवेश अग्रवाल की दम घुटने से मौत हो गई। आग के समय वे अपने परिवार के साथ कमरे में सो रहे थे। कमरे में धुआँ भर जाने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने प्रवेश को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक



उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रवेश अग्रवाल ऑटोमोबाइल शोरूम के मालिक थे और जिले में उनके तीन से अधिक शोरूम हैं। पेंटाहाउस महिंद्रा शोरूम के ऊपर स्थित था। इस हादसे में प्रवेश की पत्नी रेखा अग्रवाल और बेटियां सौम्या व मायरा भी प्रभावित हुईं। तीनों को सांस लेने में परेशानी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शोरूम में तैनात गार्ड ने बताया कि आग सबसे पहले किचन वाले हिस्से में लगी थी। आग शार्ट सर्किट या पटाखों की वजह से लगी, इसकी जांच की जा रही है।

## इंदौर के भाजपा नेताओं ने जमकर मनाई सियासी दीपावली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • वैसे तो सनातन समाज में दीपावली सबसे बड़ा त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार के माध्यम से देव पूजा के साथ-साथ सामाजिक मेल-मिलाप का भी महत्व है। दशकों से चली आ रही इस प्रथा में सामूहिक मिलन समारोह भी होने लगा। गत कुछ सालों से दीपावली के मिलन समारोह पर भी सियासी छाया पड़ने लग गई है। अब राजनीतिक नेताओं के यहां भी सामूहिक दीपावली एवं मिलन समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर में चाहे भाजपा के नेता हो या कांग्रेस के नेता हो, अपने-अपने निवास पर दीपावली मिलन समारोह बड़े जोर-शोर से मनाने लग गए हैं, क्योंकि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का लंबे समय से शासन चल रहा है, इसीलिए स्वभाविक तौर पर सबसे ज्यादा भीड़ भाजपा के नेताओं के यहां ही नजर आई। ऐसे समय में जब प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही शहर के पदाधिकारियों का भी चयन होना है तो कार्यकर्ताओं की भीड़ ऐसे नेताओं के यहां ज्यादा नजर आई, जिनके नाम चर्चाओं में चल रहे हैं। खास बात यह कि कई वरिष्ठ और गरिष्ठ नेताओं से ज्यादा उन नेताओं के यहां ज्यादा भीड़ रही, जिनसे कार्यकर्ता अधिक जुड़े हुए हैं। कार्यकर्ताओं के यहां उमड़ी भीड़ ही बता रही थी कि इन नेताओं की जमीनी पकड़ कितनी मजबूत है। इन सबके बीच कुछ नेता ऐसे भी रहे, जिनकी डेहरी पर जाना कार्यकर्ताओं ने उचित नहीं समझा।

विधानसभा दो के विधायक रमेश मेंदोला यानी दादा दयालु के वहां बिना दीपावली भी कार्यकर्ताओं की भीड़ रहती है। जाहिर है दीपावली पर तो जमावड़ा होना ही था। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा चूंकि पद पर हैं तो उनके यहां भीड़ तो जुटनी ही थी। इसके साथ ही उनके मिलनसार स्वभाव के कारण भी नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक का आना-जाना लगा रहा। मिश्रा ने कार्यकर्ताओं तक मैसेज पहुंचा दिया था कि वे घर पर ही हैं। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद वे वरिष्ठ नेताओं से मिलने पहुंचे।



*इंदौरी नेताओं में विधानसभा चार की विधायक मालिनी गौड़ के यहां भी दीपावली पर भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। एकलव्य सिंह गौड़ के पास तो युवा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। एकलव्य ने इन सबके लिए पूड़ी और रामभाजी की व्यवस्था कर रखी थी।*

### गौरव रणदिवे के यहां की भीड़ ने चौंकाया

*पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे के पास उमड़ी भीड़ यह बता रही थी कि उनकी जमीनी पकड़ आज भी मजबूत है। गौरव के यहां भी कार्यकर्ताओं को गुझिया और बेसन की चक्की का स्वाद चखने को मिला। गौरव ने मराठी व्यंजन भी खिलाए, जिसमें भाखरवड़ी प्रमुख रही।*



## बिजली कम्पनियों का गड़बड़ाया अनुमान, दीपावली पर कम खपत से हुआ नुकसान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सबसे अधिक बिजली की खपत धनतेरस पर रहती है और इस बार बिजली कम्पनियों को उम्मीद थी कि दीपावली पर भी खपत बढ़ेगी, जिसके चलते उसने अतिरिक्ति बिजली खरीदी के साथ अन्य तैयारी कर रखी थी। मगर एक हजार मेगावाट की मांग कम रहने से इंदौर सहित तीनों बिजली कम्पनियों को करोड़ों रुपए का नुकसान भी उठाना पड़ा। इंदौर में दीपावली की रात 488 मेगावॉट बिजली की खपत हुई। चूंकि शाम को बाजार, दफ्तर और फैक्ट्रियां बंद हो जाती हैं, इसलिए बिजली की मांग में कटौती हुई।

दीपावली की रात 10 बजे तक जहां खपत 488 मेगावाट तक पहुंची, वहीं उसके बाद घटकर 380 पर आ गई। हालांकि कहीं भी शहर में इस अवसर पर विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हुई। दूसरी तरफ बिजली कम्पनियों को उम्मीद थी कि चूंकि बिजली की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। लिहाजा इस बार भी मांग अधिक रहेगी। मगर दीपावली पर पिछले साल जहां 13325 मेगावाट खपत हुई थी, तो इस बार यह घटकर 12457 मेगावाट ही रही, जिसके चलते 868 मेगावाट की मांग कम रही। नतीजतन कम्पनियों को नुकसान भी उठाना पड़ा। दूसरी तरफ अब उपभोक्ता निजी कम्पनियों से सीधे बिजली खरीद सकेंगे, जिसमें किसी क्षेत्र या कॉलोनी के लिए निजी कम्पनी बिजली बेच सकेगी और चूंकि अलग-अलग निजी कम्पनियां काम करेंगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### फैबइंडिया मना रहा है छठ उत्सव का जश्न स्वर्णिम के साथ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● त्योहारों के इस शुभ अवसर पर फ़ैबइंडिया ने स्वर्णिम छठ पूजा कलेक्शन पेश किया है, जो लाल, मैजेंटा और गोल्ड जैसे चमकदार रंगों से प्रेरित है। इस कलेक्शन में हस्तनिर्मित कपड़ों और बारीक हस्तकला शामिल हैं साथ ही त्यौहार की सांस्कृतिक गहराई और उत्साह को दर्शाया गया है। इस कलेक्शन का हर प्रोडक्ट, भारतीय कारीगरी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें पारंपरिक कलाओं से प्रेरित कलात्मक बुनाई शामिल हैं, जो परंपरा और डिज़ाइन के बीच के अटूट संबंध को खूबसूरती से उजागर करते हैं। खूबसूरत रंगो का सुन्दर मेल इस कलेक्शन को और भी शानदार बनाता है, जो पारिवारिक समारोहों, त्यौहारी अनुष्ठानों और उपहार के रूप में आदर्श विकल्प है।

### दो महीने बाद होने वाले चुनाव के लिए दावेदार अभी से ही सोशल मीडिया पर हुए सक्रिय

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● वकीलो की दो प्रमुख संस्थाओं के चुनाव में लडने़ वाले दावेदारों के नाम सामने आने लगे हैं। इसके लिए बकायदा सोशल मीडिया के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भी जनसंपर्क की शुरुआत हो चुकी है। पहले क्रम में इंदौर के हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव होना है। ये चुनाव आगामी जनवरी माह में संभावित है। इसके लिए दो मुख्य पद अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव लडने़ के लिए दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। इसके बाद प्रदेश स्तरीय वकीलों की सबसे बड़ी संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल के चुनाव होना है। हर पांच साल में यह चुनाव होते हैं, जिसमे पूरे प्रदेश के करीब सवा लाख से अधिक वकील वोट डालकर 25 सदस्य चुनते हैं। यह चुनाव आगामी मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल में संभावित है, लेकिन इसकी तैयारी चुनाव लडने़ वालों को कई महीने पहले से करना होती है, क्योंकि उन्हें प्रदेश के सभी जिलों में घूम-घूम कर प्रचार करना पड़ता है। इस वजह से अभी से ही संभावित दावेदारों ने सक्रियता शुरू कर दी है। इंदौर से भी कई वकील इस चुनाव मे उतरेंगे। कुछ ने तो दीपावली मिलन समारोह, अन्नकूट आदि कार्यक्रमों के माध्यम से शुरुआती जनसंपर्क भी प्रारंभ कर दिया है, वहीं कुछ ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी दावेदारी घोषित कर दी है।

### मौसम उतार-चढ़ाव, जिला अस्पताल में मरीजों की लाइनें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में मौसम के लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों ने लोगों को घेर लिया है। तबीयत बिगड़ने पर लोग सीधे अस्पतालों का रुख कर रहे हैं, जिसके चलते अस्पतालों की ओपीडी में लगभग डेढ़ गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस सप्ताह एमवायएच, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों में वायरल का प्रकोप स्पष्ट दिखा, जिससे बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कई मरीजों को भर्ती करने की नौबत भी आ रही है। अक्टूबर की शुरुआत से ही तापमान में हो रहे बदलाव को चिकित्सक बीमारियों का कारण बता रहे थे, लेकिन दीपावली के त्योहार के बीच यह स्थिति और गंभीर हो गई। पहले से ही मच्छर जनित बीमारियां बढ़ रही थीं, अब सर्दी के कारण जुकाम और शरीर में जकड़न के मरीज बढ़ गए हैं। इसके साथ ही, प्रदूषण के कणों के हवा में मिलने से बीमारियों का ग्राफ और ऊपर चढ़ गया है। जिला अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पतालों और निजी क्लीनिकों पर मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। गुरुवार को भी इंदौर के जिला अस्पताल और एमवायएच में मरीजों की भारी भीड़ रही। पिछले कुछ दिनों से यहां पर ओपीडी एक हजार के पार पहुंच रही है। यह सामान्य दिनों की तुलना में डेढ़ गुना तक अधिक है।

### पटाखों के शोर का रहा जोर, कई क्षेत्रों में 90 डेसीबल पार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ●दिवाली की रात शहर में हवा तो बेहतर रही, लेकिन पटाखे देर रात तक शोर मचाते रहे। कई हिस्सों में कुछ समय के लिए शोर 101 डेसीबल पार कर गया था। प्रदूषण विभाग के रीयल टाइम आकलन को देखें तो अलग-अलग क्षेत्रों में देर रात तक यह 68 से 90 के पार पहुंच गया। यह रहवासी क्षेत्रों के मानक से लगभग दो गुना तक है। पिछले साल दिवाली की तुलना में इस बार ज्यादा शोर वाले पटाखे चले हैं। विश्लेषकों का कहना है, शहर में शोर के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं, क्योंकि वर्तमान में दिवाली के दिन ही शोर का जोर नहीं है। सामान्य दिनों में ध्वनि प्रदूषण का औसत रहवासी व शांत क्षेत्रों में तय अधिकतम व न्यूनतम से अधिक ही मिल रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में गाय के गोबर से निर्मित स्वदेशी दीयों के प्रकल्प की सराहना की

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवर्धन पूजन के अवसर पर हातोद के खजुरिया स्थित गोशाला के कार्यक्रम स्थल पर गोबर से स्वदेशी दीये बनाने के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में चल रहे इस प्रकल्प की सराहना की। उल्लेखनीय है कि गाय के गोबर से बने स्वदेशी दीयों को दीपावली पर्व पर इंदौरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। इस पहल के अंतर्गत लगभग दो लाख दीयों का विक्रय किया गया, जिससे स्थानीय स्वावलंबन को प्रोत्साहन मिला है। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहलें स्वदेशी से समृद्धि के विचार को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसदद्वय शंकर लालवानी और कविता पाटीदार, विधायक गोलू शुक्ला, मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, आईजी अनुराग, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, स्वामी अच्युतानंद महाराज आदि मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इंदौर एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत

एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों संग दीपावली की खुशियां बांटी। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

## एक मुट्ठी प्यार : डीपीएस राऊ का प्रकाश फैलाने वाला प्रयास



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रकाश, आनंद और दान का पर्व-की सच्ची भावना को अपनाते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ, इंदौर ने एक भावनात्मक काइंडनेस इनिशिएटिव एक मुट्ठी प्यार का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में कार्यरत उन लोगों के जीवन में खुशियाँ और गर्मजोशी लाना था, जो पर्दे के पीछे रहकर निरंतर मेहनत करते हैं। विद्यालय के कम्युनिटी सर्विस क्लब द्वारा संचालित इस पहल में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तेल, घी, मैदा, सूजी, चीनी और बेसन जैसी आवश्यक वस्तुएँ उदारतापूर्वक एकत्र की गईं और उन्हें विद्यालय के हाउसकीपिंग स्टाफ, माली तथा संतृप्ति दीदी-भैयाओं में वितरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य करुणा, उदारता और सहानुभूति के उन मूल्यों को पोषित करना था, जो वास्तव में त्योहारों का सार हैं। प्राप्तकर्ताओं के चेहरों पर झलकती मुस्कान और उनके हृदय से निकली कृतज्ञता ने इस बात को सिद्ध किया कि जब उत्सव सबके जीवन में प्रकाश भरते हैं, तभी वे सच्चे अर्थों में सार्थक बनते हैं। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री आशा नायर ने कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, यह विद्यार्थियों में दया, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं के मूल्यों को संजोने का माध्यम है।

## पर्यावरण सुधार को लेकर हो रहे कार्यों की राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने की सराहना

### पर्यावरण संरक्षण में इंदौर ने देशभर में किया है बेहतर उदाहरण प्रस्तुत- राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में पर्यावरण सुधार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने कहा कि देश में इंदौर की पर्यावरणीय स्थिति सराहनीय है। इसे और अधिक बेहतर बनाए रखने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है।



डॉ. अहमद आज जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में इंदौर ने देशभर में उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसे आगे और सुदृढ़ किया जा सकता है। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर में प्रदूषण नियंत्रण, हरियाली विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन और नदियों की स्वच्छता जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. अहमद ने सभी विभागों से समन्वित प्रयासों के माध्यम से इंदौर को देश में पर्यावरण संरक्षण का अग्रणी शहर बनाए रखने का आह्वान किया। डॉ. अहमद ने कहा कि इंदौर जागरूक नागरिकों का शहर है। विकासात्मक गतिविधियों में नागरिकों की उल्लेखनीय भूमिका हमेशा से रही है। सभी के समन्वित प्रयासों से इंदौर को नम्बर वन बनाये रखा जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर में यातायात प्रबंधन के लिए एसओपी जारी की जाए। जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। तालाबों का सीमांकन कराया जाए। रिक्त भूमि पर वृक्षारोपण किया जाए। यह ध्यान रखा जाए कि शहर में नयी बनने वाली कॉलोनियों में अनिवार्य रूप से 14 प्रतिशत हरित क्षेत्र डेवलप हो, इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक और अन्य इकाईयों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई हो। सड़कों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाए।

## फायरिंग में पति की मौत, पुलिस पर लापरवाही के आरोप : पत्नी बोली- एक दिन पहले भी झगड़ा हुआ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में पुलिस ने महेश उर्फ बाचू की हत्या के आरोप में मिथुन और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद मृतक की पत्नी पूजा ने अपने पति का शव लेने से इनकार कर दिया था। उसका कहना था कि पहले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

टीआई मनीष मिश्रा और अन्य अधिकारियों ने बुधवार को अस्पताल में पूजा से बातचीत कर समझाइश दी, जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पत्नी पूजा बार-बार पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगाती रही। उसने कहा कि पुलिस की इसी लापरवाही के कारण उसके पति की हत्या हुई। द्वारकापुरी स्थित दिग्विजय नगर मल्टी के रहवासी भी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। मृतक की पत्नी पूजा और परिजनों का कहना है कि सोमवार रात महेश के बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे, तभी पड़ोसी रमेश और उसके रिश्तेदार राजेश ने विवाद करते हुए मारपीट की। जब महेश और उसकी पत्नी पूजा शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने यह कहकर उन्हें टाल दिया कि इनके तो आए दिन झगड़े होते रहते हैं। महेश की शिकायत नहीं सुनी गई और उसे वापस भेज दिया गया। अगले दिन यानी मंगलवार को महेश ने अपने दोस्त मंसूर को बुलाया। उस समय रमेश और उसकी पत्नी घर पर अकेले थे। उनके बीच दोबारा झगड़ा और मारपीट हुई। रमेश की बेटी सपना ने यह बात अपने भाई मिथुन को बताई। इसके बाद मिथुन अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और महेश पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से गंभीर घायल महेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## छठ पूजा के लिए स्पेशल ट्रेन :उज्जैन व रतलाम से यात्री इसमें सवार हो सकते हैं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● छठ पूजा के लिए पूर्वोत्तर जाने वालों का सिलसिला जारी है। इस बीच अतिरिक्त यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर दो जोड़ी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन स्पेशल किराया से कर रहा है।



**ये रहेगा शेड्यूल**

09157 अंकलेश्वर-समस्तीपुर स्पेशल 23 एवं 24 अक्टूबर को अंकलेश्वर से दोपहर 03.40 बजे चलेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन 05.30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन रतलाम रात 9.05 बजे, उज्जैन रात 11.40 बजे पहुंचेगी।

09158 समस्तीपुर-अंकलेश्वर स्पेशल, 25 एवं 26 अक्टूबर को समस्तीपुर से 08.30 बजे चलेगी तथा तीसरे दिन 02.30 बजे अंकलेश्वर पहुंचेगी। यह ट्रेन मक्सी शाम 7.37 बजे, उज्जैन शाम 6.25 बजे, रतलाम रात 7.52 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, वडोदरा, छायापुर, गोधरा, दाहोद, रतलाम, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदारामनगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवाड़ा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजिपुर एवं मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

09001 उधना-समस्तीपुर स्पेशल, 25 अक्टूबर से प्रतिदिन चलेगी। उधना से सुबह 9.00 बजे चलेगी। दूसरे दिन रात 10.35 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के दाहोद दोपहर 2.05 बजे, रतलाम शाम 4.05 बजे, उज्जैन शाम 6.40 बजे एवं मक्सी शाम 7.30 बजे आगमन होगा।

09002 समस्तीपुर-उधना स्पेशल, 24 से 27 अक्टूबर तक प्रतिदिन समस्तीपुर से रात 2.15 बजे चलेगी। दूसरे दिन दोपहर 3.35 बजे उधना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के मक्सी सुबह 6.35 बजे, उज्जैन सुबह 7.23 बजे, रतलाम सुबह 8.50 बजे आगमन होगा।

## चांदी-सोना जवाहारात एसोसिएशन का दिवाली मिलन सम्पन्न हुआ



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चांदी-सोना जवाहारात एसोसिएसन से जुड़े सराफा के व्यापारियों का मिलन समारोह आज सुबह से पोरवाल धर्मशाला छत्रीबाग में शुरू हुआ। कार्यक्रम में विधायक मालिनी गौड़, एकलव्य सिंह गौड़, लालू गोपी, सुमित मिश्रा, सहित राजनेताओं शामिल हुए। एशोसियासन के अध्यक्ष हुक्म सोनी, अजय लाहोटी, अशोक शर्मा, बसंत सोनी ने बताया कि आज दीवाली मिलन समारोह में मीडिया साथियों का साल श्रीफल-भगवा दुपट्टे से अभिन्दन किया गया। अध्यक्ष हुकम सोनी ने बताया की सराफे की पार्किंग, रात में लगने वाली चौपाटी से होने वाली समस्या का शीघ्र ही प्रमुख अधिकारियों, राजनेताओं, मुख्य मंत्री से विस्तार निराकरण करने की मांग की जावेगी।

## श्री राम मंदिर पंचकुइया मे मना अन्नकूट महोत्सव





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम मे दीपावली के पावन पर्व पर आयोजित अन्नकूट महोत्सव साधु संतो के सानिध्य मे मना। 406 वर्षों से चली आ रही परांपरागत पंरपराओ का निर्वहन हुआ । शाम को भगवान टीकमजी के दर्शन द्वारकाधीश के स्वरूप मे हुए। सेकड़ो दीपो से परिसर जगमग हुआ। अग्र - मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में महाआरती हुई। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री रामगोपालदास महाराज ने बताया कि मंदिर मे अन्नकूट महोत्सव की शुरूआत शाम 7 बजे से हुई।

## महाराणा प्रताप गोशाला में गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर महिलाओं ने की वेद मंत्रों के बीच पूजा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दीपावली गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर बाणगंगा स्थित महाराणा प्रताप गोशाला में गोवर्धन पर्वत बनाकर वेद मंत्रों के बीच पूजा की। गोशाला सेवा समिति के अध्यक्ष नीलम दुबे ने ताया कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर सुबह महिलाओं ने गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाई। वेद मंत्रों के बीच विधि विधान से पूजा कर आरती की। गोवर्धन पूजा का पर्व पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश देता है। गोशाला में सभी माता का पूजन वेद मंत्रों के बीच किया। महिलाओं ने सज-धजकर पूजा की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर श्री महाराणा प्रताप गोशाला सेवा समिति अध्यक्ष नीलम दुबे, पद्मकर भोजने, सतीश दुबे, जगदीश दवे, विनय सोनी,प्रकाश सावरे,संजय राठौड़,



पवन अग्रवाल,सचिन राठौड़, नीलेश बेश, यश गर्दे,सिंधु महेस, सावलानी,गणेश पवार,पंकज चौबे, अनुज तोमर, आकाश चौरसिया, आरती पवार, सरिता गर्दे,लीला यादव,चंदा भदौरिया, ऋतु श्रीवास्तव, जय श्री सहित अन्य मौजूद थे।

## हाथ छोड़कर गाड़ी चलाने के मामले में युवती के दो चालान बनाए, माफी मांगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर की सड़क पर एक युवती का बाइक पर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। पुलिस ने सोशल मीडिया से युवती को आइडेंटिफाई कर क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी के ऑफिस बुलाया। युवती के दो चालान बनाए गए और वीडियो डिलीट करने के लिए कहा गया है। युवती ने माफी मांगी। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार युवती का बाइक पर स्टंट करने का वीडियो मंगलवार को सामने आया था। स्टंट के दौरान युवती ने हेलमेट भी नहीं लगाया।

## बिजली पोल जलने से एक घंटे तक बिजली गुल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● लगातार दो दिन से आग लगने की घटनाएं हो रही है। दीपावली वाले दिन शहर में 18 स्थानों पर आग लगी, जबकि मंगलवार को भी तीन स्थानों पर आग लग गई।शहर के मध्य क्षेत्र जेल रोड के बिजली पोल में मंगलवार रात आग लग गई। रहवासियों ने पहले पोल पर चिंगारी उठते देखी, फिर अचानक आग लग गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर दमकलों ने पहुंकर आग को बुझाया। केबल जलने के कारण एक घंटे से ज्यादा देर तक जेलरोड सहित अन्य व्यापारिक क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। विद्युत मंडल के अमले ने नए तार जोड़कर बिजली बहाल की। इसके अलावा पंचशील नगर में एक मकान में आग लगने से गृहस्थी का सामान जल गया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की दमकलों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

# 22 बार हुई सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत फिर भी अधिकारी सोते रहे, हो गया हादसा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सुपर कॉरिडोर पर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक ने चौकीदार के परिवार को चपेट में ले लिया। चौकीदार की पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर लगने के बाद भी ट्रक उसे 12 फीट तक घसीट कर ले गया था। चौकीदार की मासूम पोती ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना से नाराज रहवासियों ने सुपर कॉरिडोर पर चक्का जाम कर दिया। उन्होंने इंदौर विकास प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना सुपर कॉरिडोर स्थित टीसीएस चौराहा की है। एम्पियर कालोनी निवासी प्रकाश गुरमड़े अपनी पत्नी कोकिलाबाई और पौती दीपिता को लेकर सिंगापुर टाउनशिप में दीपावली का इनाम लेने जा रहा था। तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने प्रकाश की बाइक को टक्कर मार दी।

कोकिला को ट्रक के पहिए में ही फंस गई।



उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दीपिता टकरा कर दूर गिरी जिससे उसके गिर में गहरी चोट लग गई। उसने सांवेर रोड़ के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रकाश की भी तीन उंगलियां कट गई। इस घटना से नाराज रहवासियों ने खूब नारेबाजी की। सूचना मिलने पर एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा और टीआई अनिल यादव मौके पर पहुंचे। रहवासी धीरज ठाकुर ने कहा हादसा आईडीए अफसरों की लापरवाही से हुआ है। रहवासियों द्वारा स्पीड ब्रेकर और बैरिकेड लगाने की मांग की जा रही थी। अफसरों ने ध्यान नहीं दिया और हादसा हो गया। धीरज के अनुसार कई बार तो सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत कर चुके हैं। अफसर ध्यान नहीं देते है और शिकायत बंद करवा देते है। एडीसीपी ने कहा आईडीए इंजीनियर से बात कर तीन दिन में समस्या का निराकारण करेंगे।

रहवासी के अनुसार टीसीएस चौराहा (टिगरिया बादशाह) ब्लैक स्पाट है। यहां हर दिन हादसे होते है। पिछले वर्ष जनवरी में इसी जगह पर इंजीनियर मेघा और उसके पिता सुनील मालवीय की कार की टक्कर से मौत हो गई थी। टीसीएस कंपनी की साफ्टवेयर इंजीनियर मेघा को सुनील आफिस छोड़ने आए थे।

## न्यूज इन ब्रीफ


### धरावराधाम गौशाला पर गौवंश की पूजा-अर्चना

**इंदौर** ●धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम आश्रम पर आज गोवर्धन पूजा का आयोजन महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में धूमधाम से किया गया। आश्रम की गौ शाला के सभी गो वंश का आकर्षक श्रृंगार कर उनका पूजन कर उन्हे 56 भोग परोसे गए। बड़ी संख्या में गौ भक्तों ने गौशाला पहुंच कर गायों की पूजा-अर्चना की। आश्रम परिवार के डॉ. सुरेश चौपड़ा, नानूराम चौधरी, सुधीर अग्रवाल, दिनेश गर्ग, कल्याण भांगड़िया, संतोषसिंह, गोविंद मंगल, अशोक कुमावत, सीताराम नरेड़ी भी उपस्थित थे, जिन्होंने गौ भक्तों की अगवानी की। गोपाष्टमी पर 28 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे से हनुमानजी को 56 भोग लगा कर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### विद्याधाम पर गोवर्धन पूजा, गोपाष्टमी बुधवार को मनायेंगे

**इंदौर** ●विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में आश्रम की गौशाला पर सुबह से शाम तक गौ भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि अनेक भक्त अपने-अपने घरों से व्यंजन बनाकर लाए और गौ माता की सेवा की। आश्रम पर बुधवार 29 अक्टूबर को छप्पन भोग एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में आश्रम की गौशाला में खाद्य सामग्री उपलब्ध रहेगी, जिसे गौ भक्त अपने हाथों से गौ माता को परोस कर पुण्य लाभ उठा सकेंगे। महाआरती शाम 6 बजे होगी।

### कुचिपुड़ी डांस ग्रुप में शामिल इंदौर की बेटी और नातिन की प्रस्तुति कल दिल्ली में



**इंदौर** ● शहर के पर्यावरणविद महेश बंसल की बेटी स्वाति और नातिन अनवी 24 अक्टूबर को दिल्ली के इंडिया हैबिटैट सेंटर में लंदन के अरुणिमा कुचिपुड़ी डांस ग्रुप के 15 सदस्यों के साथ अपनी नृत्य प्रस्तुतियां देंगी। बंसल ने बताया कि लंदन के प्रसिद्द अरुणिमा कुमार नृत्य समूह को ब्रिटेन का सर्वोच्च साम्राज्य पदक (बी ई एम) मिल चुका है। इस ग्रुप की प्रमुख अरुणिमा के नृत्य समूह में उनकी बेटी स्वाति और नातिन अनवी भी शामिल हैं, जो 24 अक्टूबर, शाम 7 बजे से दिल्ली के इंडिया हैबिटैट सेंटर के सभागृह में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। स्वाति ने इंदौर के जीएसआईटीएस से इंजीनियरिंग (बीई) एवं आई आई एम बंगलुरु से एम बी ए की उपाधि प्राप्त की है। वे अब ब्रिटेन में ही सेवारत हैं और अरुणिमा कुमार डांस ग्रुप के सदस्य के रूप में अपनी प्रस्तुतियां देने दिल्ली आ रही हैं। उनकी बेटी अनवी भी इसी ग्रुप की सदस्य हैं। इंदौर के अनेक परिजन एवं स्नेहीजन उनकी प्रस्तुतियों के साक्षी बनने दिल्ली जा रहे हैं।

# बिजली उपभोक्ता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे स्मार्ट मीटर

**इंदौर शहर में 5.56 लाख, मालवा निमाड़ में 13.25 लाख लगे**

**सतत लगाए जा रहे मीटर, पर्यवेक्षण भी हो रहा नियमित**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के बिजली उपभोक्ता चाहे लोकेश लोहानी हो या फिर पुलकित जैन अथवा ज्योति देवरा सभी इस बात को लेकर प्रसन्न हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनकी मीटर रीडिंग सीधे ही बिल के लिए पहुंच जाती है। सही रीडिंग समय पर स्वत: पहुंचने पर बिजली बिल त्रुटिरहित और समय पर जारी हो जाता है। वे समय पर बिजली बिल राशि जमा कराकर जागरूक उपभोक्ता का परिचय दे रहे हैं। इनके जैसे लाखों उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगने के बाद समय पर बिजली बिल चुका रहे है, वह भी कैशलेस तरीके से क्यों कि उन्हें स्मार्ट मीटर एवं बिजली कंपनी द्वारा जारी बिल संबंधी कोई परेशानी नहीं है।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अब तक इंदौर शहर में 5 लाख 56 हजार और मालवा निमाड़ अंचल में 13.25 लाख अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए



जा चुके हैं। शासन के आदेशानुसार प्रतिदिन स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य जारी है। कंपनी क्षेत्र के महू, खरगोन, थांदला, झाबुआ, नागदा शत प्रतिशत स्मार्ट मीटरीकृत घोषित हो चुके हैं। अन्य शहरों में भी उपभोक्ता हित में स्मार्ट मीटरीकरण तेजी से किया जा रहा हैं। वर्तमान में आरडीएसएस अंतर्गत स्मार्टमीटरीकरण कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसकी सर्कल, रीजन और कंपनी स्तर पर समय समय पर समीक्षा की जाती है। सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित उपभोक्ता को सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर पृथक से नेट मीटर नहीं लगाना पड़ता है, ऐसे में संबंधित बिजली उपभोक्ता को हजारों रूपए की बचत हो रही हैं। जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनकी दिन की खपत की पृथक गणना कर सौर ऊर्जा अवधि की टीओडी छूट दी जा रही है, यह छूट कंपनी स्तर पर प्रतिमाह करोड़ों रूपए प्रदान की जा रही है। स्मार्ट मीटर से संबंधित गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को पावर फैक्टर की सटीक गणना कर समय पर छूट प्रदान की जा रही है। अटल गृह ज्योति योजना का भी स्मार्ट मीटर लगाने वाले लाखों उपभोक्ता प्रतिमाह लाभ प्राप्त कर रहे हैं। प्रबंध निदेशक सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित कंपनी के अच्छे कार्य एवं उपलब्धि को देखने व परियोजना का फीडबैक लेने के लिए विभिन्न राज्यों एवं केंद्रीय विद्युत मंत्रालय से जुड़े प्रतिनिधिमंडल इंदौर सतत आ रहे हैं।

## दिवाली की रात तीन हत्याएं-कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: कांग्रेस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दिवाली जैसे पवित्र और उल्लासपूर्ण पर्व के दिन इंदौर में 13 घंटों के भीतर तीन युवकों की हत्या होना प्रदेश की कानून-व्यवस्था की भयावह स्थिति को दर्शाता है। यह न सिर्फ शहर के आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय है, बल्कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता प्रमाण है।

जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने इस गंभीर स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों को खुली छूट दे चुकी है। जब त्योहारों पर भी आम जनता सुरक्षित नहीं है, तब सरकार की प्राथमिकता सिर्फ सत्ता की राजनीति तक सीमित रह गई है। एक के बाद एक हत्याएं होना यह दर्शाता है कि पुलिस प्रशासन या तो मूकदर्शक बना हुआ है या पूरी तरह से राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है।

**सेवा दल ने मांग की है कि**

- इन तीनों हत्याओं की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की जाए।
- संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की जाए।
- भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए श्री खंडेलवाल ने कहा कि अगर शीघ्र ही शहर में कानून व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो जिला कांग्रेस सेवा दल सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## राजा रघुवंशी के परिवार ने नहीं मनाई दिवाली, मां ने कहा- सोचा नहीं था, उसके बिना सारे त्योहार देखने पड़ेंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बेटे की बहुत कमी महसूस हो रही है। धनतेरस से उसकी याद आ रही थी। सोचा था कि राजा की भी शादी हो गई है। इस बार पूरे परिवार के साथ दीपावली धूमधाम से मनाएंगे, लेकिन वह हमेशा के लिए हमसे दूर चला गया। दीपावली पर हम उसे याद कर खूब रोए। राजा के बिना हर त्योहार सूना है। यह कहते हुए इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा की मां उमा रघुवंशी भावुक हो गईं। उनकी आंखों से आंसू छलकने लगे। उन्होंने कहा कि परिवार के सबसे छोटे बेटे राजा को बहुत लाड़-प्यार मिला। हमने कभी सोचा नहीं था कि एक दिन ऐसा भी आएगा कि उसके बिना सारे त्योहार देखने पड़ेंगे। ाजा की मां उमा रघुवंशी और भाई विपिन से बातचीत की। इस दौरान दोनों ही भावुक हो गए।



परिवार आज भी उस पल को कोस रहा है, जब राजा और सोनम का रिश्ता तय हुआ था। उन्हें राजा और सोनम की शादी का पछतावा है। परिवार के लोग यहीं कहते हैं कि अगर राजा की सोनम से शादी नहीं हुई होती तो आज वह हमारे बीच होता। बता दें, इंदौर के बहुचर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की उसकी पत्नी सोनम ने हनीमून पर लेकर जाकर साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। उमा रघुवंशी ने कहा कि राजा की कमी हर पल महसूस होती है। दीपावली के पहले धनतेरस से ही उसकी बहुत याद आ रही थी। दीपावली के दिन पूजा की, लेकिन मन नहीं लगा। राजा की शादी होने के बाद हमने सोचा था कि राजा की भी शादी हो गई है, इस बार पूरे परिवार के साथ धूमधाम से दीपावली मनाएंगे। मगर मेरे बेटे को मुझसे छीन लिया।

## भाजपा की भावांतर योजना अब भ्रमांतर योजना बन गई है - अमित चौरसिया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर जिले एवं प्रदेश में भाजपा सरकार की बहुचर्चित भावांतर योजना किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी का प्रतीक बन गई है। मिडिया रिपोर्टस के अनुसार,इंदौर जिले के लगभग एक लाख किसानों में से मात्र 46 हज़ार किसानों ने ही पंजीयन कराया है – यानी आधे से अधिक किसानों ने इस योजना से दूरी बना ली है। यह आँकड़ा स्पष्ट करता है कि मोहन यादव सरकार की कागज़ी किसान नीति खेतों तक नहीं पहुँच पाई है। किसानों को न तो भाव मिला, न अंतर –मिला तो सिर्फ़ भ्रम और निराशा।

मुख्यमंत्री मोहन यादव, जब किसानों के अधिकारों की बात आती है, तब आपकी सरकार फाइलों और आंकड़ों में उलझकर रह जाती है। किसानों के खेतों में उम्मीद की फसल सूख जाती है और सरकार सिर्फ़ प्रचार की फसल काटती है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर बयानबाज़ी करते हैं, उन्हें पहले अपने ही प्रदेश की इस फ्लॉप भावांतर योजना की सच्चाई देखनी चाहिए। जिस योजना से किसान ही दूरी बना रहे हैं, वह सरकार की विफलता का प्रतीक बन चुकी है। भावांतर योजना किसानों की उम्मीदों का शोषण बन चुकी है। यह योजना भाजपा की झूठी घोषणाओं और फर्जी आंकड़ों का पुलिंदा साबित हुई है। आज किसान भाजपा की योजनाओं से नहीं, उनसे पैदा हुई निराशा से जूझ रहा है।



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ●महिला उत्कर्ष संस्थान की संचालिका डॉ नेहा शर्मा ने बताया कि अबकी बार संस्थान में पहली बार गोवर्धन पूजा का आयोजन संस्थान के वृन्दावन कॉलोनी स्थित कैंपस में किया गया, बुजुर्गों और महिलाओं ने मिलकर गोवर्धन का निर्माण किया व उनकी पूजा की, अन्न कूट का प्रसाद चढ़ाया,भजन और आरती की और अंत में उनकी परिक्रमा करके संसार की सुख शांति की कामना की।

## त्योहार पर बड़े बैनर की फिल्मों का क्रेज लगभग हुआ कम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ●कोविड और लॉकडाउन के बाद से सिनेमा जगत में बहुत कुछ बदला-बदला सा नजर आने लगा है। ओटीटी प्लेटफार्म ने सिनेमा के दर्शकों के त्योहार में सिनेमाघर जाना लिए मनोरंजन के नए दरवाजे खोल दिए हैं। लोग घर बैठे ही त्योहार मनाने लगे हैं। लोगों को सिनेमाघर तब जाने की जरुरत नहीं बल्कि नई फिल्में वे घर पर ही देख लेते हैं, जिस वजह से दीवाली पर बड़े बैनर की फिल्में आना लगभग बंद ही हो गई हैं। जबकि एक दौर था, जब दीवाली न सिर्फ मिठास और रोशनी का त्योहार थी, बल्कि बॉलीवुड के एक्सपर्ट की माने तो सिनेमा हॉल तब जाने की जरुरत अब लोगों को महसूस ही नहीं हो रही है। एक ओर जहां मल्टीप्लेक्स ने टिकटों की कीमतें बढ़ा दी हैं। कुल मिलाकर त्योहार में सिनेमाघर जाना अब लग्जरी बन गया है। जबकि दीवाली पर

समय के साथ दर्शकों में भी बदलाव आ गया है। अब बड़े सितारे दीवाली पर फिल्म रिलीज करने से कतराने लगे हैं। बड़े कलाकार अब त्योहार के बजाय अन्य दिनों में फिल्में रिलीज करने में ज्यादा दिलचस्पी लेने लगे हैं। हालांकि सभी के अलग-अलग मत है। वहीं जानकारों का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सिनेमा हॉल का क्रेज कम जरुर किया है। यंगस्टर्स अब सिनेमा हॉल तक जाने की जरुरत महसूस नहीं कर रहे। हालांकि दीवाली पर कुछ फिल्में रिलीज जरुर हुई है, लेकिन बड़े निर्माता, कलाकार ऐसे नहीं है जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर पाए। फिल्म रीलिज करना सफलता की ग्यारंटी माना जाता था। अब वह दौर छूट गया है।

## विमल सामाजिक समिति द्वारा कपड़ा वितरण कार्यक्रम आयोजित



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● विमल सामाजिक समिति द्वारा इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र में गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को कपड़ों का वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से यह सराहनीय पहल की। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती योगिता सक्सेना, उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा यादव, सचिव हर्ष सक्सेना तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किए और आने वाले समय में भी ऐसे सामाजिक कार्य नियमित रूप से करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष श्रीमती योगिता सक्सेना ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की सहायता करना और मानवता की सेवा के लिए जागरूकता फैलाना है।

## सम्पादकीय

### स्वच्छता अभियान की पोल खुली, सुप्रीम कोर्ट में पहुंची देशभर के टॉयलेट्स की सच्चाई

सच यह है कि स्वच्छता अभियान के एक दशक बाद भी कई जगहों पर सार्वजनिक शौचालयों की कमी दिखती है। जिन जगहों पर शौचालय बनाए भी गए हैं, तो कई बार वहां की गंदगी देख कर लोग उनका इस्तेमाल नहीं करते। यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सरकार पिछले कई वर्षों से स्वच्छता अभियान और हर जरूरी जगहों पर शौचालय की उपलब्धता के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है, इसमें बड़ी कामयाबी मिलने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग है। हाल ही में देश भर की अदालतों में शौचालयों की दशा पर उच्चतम न्यायालय में वस्तुस्थिति रपट दाखिल की गई। रपट के मुताबिक, इन अदालत परिसरों में शौचालयों की लगातार अस्वच्छ स्थिति वहां के सभी उपयोगकर्ताओं के मौलिक और सम्मान के अधिकारों का उल्लंघन है। रपट में कहा गया है कि यह सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने में नाकामी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब अदालत परिसरों की यह स्थिति है, तो बाकी जगहों पर क्या दशा होगी। निश्चित रूप से अदालत परिसरों की यह तस्वीर अफसोसनाक है, लेकिन यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह भी देखने की जरूरत है कि क्या हर जरूरी जगह पर ऐसे स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय मौजूद हैं, जिसका उपयोग करने में किसी को हिचक न हो। सच यह है कि स्वच्छता अभियान के एक दशक बाद भी कई जगहों पर सार्वजनिक शौचालयों की कमी दिखती है। जिन जगहों पर शौचालय बनाए भी गए हैं, तो कई बार वहां की गंदगी देख कर लोग उनका इस्तेमाल नहीं करते। लंबी दूरी वाले मार्गों पर बहुत कम जगहों पर यह सुविधा है। हालत यह है कि जिन पेट्रोल पंपों पर शौचालय की सुविधा है, वहां केवल तेल लेने आए वाहनों में बैठे लोगों को ही उसके उपयोग की इजाजत दी जाती है। आम लोगों को कई बार मना कर दिया जाता है। यह निराशाजनक है कि खुले में शौच मुक्त वातावरण देने का वादा करने और इसके लिए अभियान चलाने वाली सरकार ने शौचालय बनाने के दावे तो किए, लेकिन उनकी साफ-सफाई के मानक नहीं तय किए। नतीजा यह कि इसकी समावेशी उपयोगिता का उद्देश्य ही हाशिये पर चला गया। दो साल पहले हुए एक सर्वेक्षण में कई लोगों ने माना था कि इन शौचालयों की दशा में कोई सुधार नहीं दिखता। सवाल है कि क्या केवल स्वच्छता का नारा देने भर से इसके उद्देश्य को हासिल किया जा सकेगा?

# पीओके को लेकर पाकिस्तान केवल स्थानीय नहीं भारत व अफगानिस्तान से भी हो रहा परेशान

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमिर खान मुत्तकी के भारत दौरे से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने युद्ध ही शुरू कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में तालिबान शासन की ओर से भी मुंहतोड़ बदला लिया जा रहा है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान दोनों ही ओर से भारी तबाही के दावे हो रहे हैं। लेकिन, इस दौरान भारत की धरती से पाकिस्तान को जो कुछ संदेश दिया गया है, उससे वह पूरी तरह से हिला हुआ नजर आ रह है। पाकिस्तान को कहीं न कहीं डर सताने लगा है कि अबकी बार गैर-कानूनी कब्जे वाला कश्मीर (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर-पीओके) उसके हाथों से निकल सकता है। क्योंकि, पहले भारत ही उसे चेतावनी दे रहा था, लेकिन अब अफगान तालिबान की ओर से भी इशारों में उसे एक तरह से अल्टीमेटम दे दिया गया है।पीओके पर पाकिस्तान को अफगान तालिबान ने झटका ये दिया है कि उसने भारत की धरती से जम्मू और कश्मीर पर भारत की संप्रभुता का पूर्ण समर्थन कर दिया है। यह सब तब हुआ है, जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान पूर्ण युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं। भारत के साथ संयुक्त बयान में अफगानिस्तान के इस स्टैंड पर पाकिस्तान बहुत तिलमिलाया हुआ है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से इस बात का औपरचारिक विरोध भी जताया है और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के कथित प्रस्ताव का उल्लंघन बताया है।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में पहले ही पीओके पर भारत की स्थिति यह कहकर साफ कर चुके हैं कि हमारे बीच 106 किलोमीटर लंबी सीमा वाखान कॉरिडोर: यह क्षेत्र अभी पाकिस्तान के गैर-कानूनी कब्जे में है और इस वजह से अफगानिस्तान, भारत का निकटवर्ती पड़ोसी है और हम अफगान के लोगों के शुभचिंतक हैं। अफगानिस्तान के विकास और प्रगति में भारत की गहरी दिलचस्पी है। इन बातों से पाकिस्तान इतना घबराया हुआ है कि इसने इस्लामाबाद में अफगानिस्तानी राजदूत को बुलाकर दोनों देशों के साझा बयान को बहुत ही ज्यादा असंवेदनशील बताने की कोशिश की है।

इसके पहले पीओके में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में तीन पुलिस अधिकारियों सहित दस लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। संघीय सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक वार्ता समिति भेजी थी। यह हाल ही में व्यापारियों और नागरिक समाज समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रमुख संगठन पीओजेके ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएसी) के साथ महत्वपूर्ण वार्ता के लिए मुजफ्फराबाद पहुंचा था। सामाजिक कार्यकर्ता शौकत नवाज मीर के नेतृत्व में जेएएसी द्वारा आयोजित बंद 29 सितंबर को शुरू हुआ था और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के कई जिलों को पूरी तरह से रोक दिया गया था।



सरकार ने 28 सितंबर से पूरी तरह से संचार ब्लैकआउट लगा दिया है, जिससे निवासियों के लिए मोबाइल दूरसंचार और इंटरनेट कनेक्शन बंद हो गए हैं। मुजफ्फराबाद में गुलजार बाजार बंद हैं, जबकि कोई स्ट्रीट वेंडर नहीं है। सार्वजनिक परिवहन ठप है। अराजकता ने क्षेत्र के लगभग 40 लाख निवासियों को अनिश्चितता की स्थिति में डाल दिया है। सरकार ने एक बयान में कहा, उन्होंने कहा कि अधिकारी व्यवस्था बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं और लोगों से अपील की कि वे एक विशिष्ट एजेंडे के साथ सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही दुष्प्रचार और फर्जी खबरों से प्रभावित न हों। पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में यह तीसरा बड़ा आंदोलन है और समिति की 38 सूत्री मांगों को स्वीकार करने से सरकार के इनकार के कारण शुरू हुआ था।

कश्मीर घाटी एक सुंदर लेकिन विवादित हिमालयी क्षेत्र है। 1947 में स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान और भारत ने कई युद्ध लड़े हैं। चीन इस क्षेत्र के उत्तरी दो हिस्सों को भी नियंत्रित करता है। भारत ने बार-बार पीओके को वापस लेने की भाषा का इस्तेमाल किया है। चीन पाकिस्तान का दोस्त है, लेकिन पाकिस्तान चीन के कब्जे वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे कश्मीर पर दावा करता है। 2017 की जनगणना के अनुसार, पीओके की आबादी 40 लाख से अधिक है। कश्मीर में प्रधानमंत्री और विधानसभा के लिए अर्ध-स्वायत्तता है। वर्तमान अशांति की उत्पत्ति मई 2023 में हुई है। आसमान छूते बिजली बिलों के विरोध में क्षेत्र के नागरिक पहली बार सड़कों पर उतरे थे। आटे की भारी तस्करी और रियायती गेहूं की आपूर्ति की भारी कमी की शिकायतें मिली थीं। अगस्त 2023 तक, ये अलग-अलग शिकायतें संगठित विरोध प्रदर्शनों में बदल गई थीं। उस साल सितंबर में, सैकड़ों कार्यकर्ता मुज़फ़्फ़राबाद में एकत्र हुए और औपचारिक रूप से जेएसी का गठन किया। इसमें क्षेत्र के सभी जिलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

विरोध प्रदर्शनों की पहली बड़ी तीव्रता मई 2024 में आई जब प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद के लिए एक लंबा मार्च शुरू किया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी सहित कम से कम पांच लोग मारे गए, और हिंसक विरोध प्रदर्शन तभी रुका जब पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शाहबाज शरीफ आटे की कीमतों और बिजली दरों में कमी जैसी प्रमुख मांगों पर सहमत हो गए। सरकार ने अनुदान के रूप में अरबों रुपये आवंटित किए, लेकिन चुप्पी लंबे समय तक नहीं रही। उसी वर्ष अगस्त में, जेएएसी ने एक और लॉकडाउन की घोषणा की। जेएएसी द्वारा प्रस्तुत मांगों में 38 विशिष्ट मुद्दे शामिल हैं। इन मांगों में मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू करना और प्रांतीय विधानसभाओं की संरचना को बदलना शामिल है। सूची में सबसे ऊपर शासक वर्ग के विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग है, जिसे पिछली शिकायतों में भी उजागर किया गया था। जेएएसी ने कहा कि मई 2024 के विरोध प्रदर्शनों के बाद, सरकार ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को दिए गए विशेषाधिकारों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग की स्थापना को मंजूरी दी।

हालाँकि, नवीनतम अशांति के बाद, स्थानीय प्रशासन ने संचार काट दिया है और शैक्षणिक संस्थानों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आदेश दिया है। इससे भी अधिक विवादास्पद रूप से, उन्होंने अर्धसैनिक बलों सहित शेष पाकिस्तान से अतिरिक्त पुलिस इकाइयों को बुलाया है। लेकिन वरिष्ठ स्थानीय सरकारी अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या 15 बताई है। जेएसी ने अर्धसैनिक बलों की तैनाती पर आपत्ति जताई है। जेएएसी नेता मीर ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था कि मुख्य भूमि पाकिस्तान से अर्धसैनिक बलों को बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि स्थानीय पुलिस पहले से ही मौजूद थी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के वित्त मंत्री अब्दुल मजीद खान ने स्वीकार किया कि हालांकि पहले दौर की वार्ता पहले ही हो चुकी है, लेकिन एक नई समिति मुजफ्फराबाद में आई है और उसे प्रदर्शनकारियों की शिकायतों को हल करने का काम सौंपा गया है। जब उन्होंने पिछले साल विरोध करना शुरू किया, तो यह सब बिजली और आटे की कीमतों के बारे में था और हम उस पर सहमत हुए; लेकिन उन्हें यह भी समझने की जरूरत है कि चीजें रातोंरात नहीं बदल सकती हैं और इसमें समय लगता है। सरकार जेएएसी के 38 बिंदुओं में से अधिकांश पर सहमत हो गई है; लेकिन शरणार्थियों के लिए आरक्षित बारह सीटों को समाप्त करने और शासक वर्ग के विशेषाधिकारों को समाप्त करने के मुद्दों पर बातचीत विफल हो गई है। मंत्री ने उपमहाद्वीप के विभाजन के दौरान हुई असुविधा की ओर इशारा करते हुए शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटों को समाप्त करने के पीछे के तर्क को चुनौती दी। ये वे लोग थे जिनके परिवार भारत से आए थे जहां वे जमींदार और व्यापारी थे; लेकिन वे अपनी संपत्ति पीछे छोड़ गए और अत्यधिक गरीबी में पाकिस्तान भाग गए।

जेएएसी को लगता है कि उन्हें सीटों का कोटा देना अनुचित है। मंत्री स्वयं इस क्षेत्र के अनुमानित 2.7 मिलियन लोगों में से हैं, जिनके परिवार भारत के कश्मीर से चले गए हैं।ऐसा प्रश्न उठाया गया था। सरकार के प्रतिनिधियों और जेएएसी सदस्यों के बीच बातचीत बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई। यह तो समय ही बताएगा कि इस क्षेत्र में नाराजगी और बेचैनी कितनी जल्दी खत्म होगी।

दरअसल जेकेजेएएसी पीओक की जिन 12 आरक्षित सीटों को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। ये सीटें भारतीय जम्मू-कश्मीर से आए शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 के युद्ध या उसके बाद पीओके पहुंचे हैं। इस आरक्षण की वजह से स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी समस्याओं और जरूरतों को विधानसभा में उठाने के लिए और विधायक चाहिए। उनका यह भी कहना है कि रिजर्व सीटों का फायदा केवल कुछ ही परिवारों को मिल रहा है। ये सीटें 2019 में आए हाई कोर्ट के एक फैसले के बाद आरक्षित की गई हैं।

पाकिस्तान की सरकार इस प्रदर्शन से बहुत अधिक डरी हुई है। आंदोलन से निपटने के लिए इलाके में पत्रकारों के जाने पर पाबंदी लगा दी है। इसके साथ ही पोओके में इंटरनेट सेवाएं ठप कर गई है। इस प्रदर्शन को देखते हुए सरकार को डर इस बात का डर सता रहा है कि प्रदर्शनकारी कहीं आजादी की मांग न मांगने लगें। साल 2017 में हुई जनगणना के मुताबिक पीओके की आबादी करीब 40 लाख है। वहां चल रहे आंदोलन की जड़े मई 2023 में हैं, जब वहां के लोग आसमान छूती बिजली की कीमतों के विरोध में सड़क पर उतर आए थे। इस दौरान आटे की तस्करी और सब्सिडी वाले गेहूं की आपूर्ति में भारी कमी आने की खबरें भी आई थीं। अगस्त 2023 आते-आते इन प्रदर्शनों ने संगठित रूप लेना शुरू कर दिया। उस साल सितंबर में कार्यकर्ता मुजफ्फराबाद में जमा हुए और सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने मिलकर जेकेजेएएसी का गठन किया। इस आंदोलन ने मई 2024 में उग्र हो गया। दरअसल पीओके के लोगों ने मुजफ्फराबाद की ओर कूच किया। इसके बाद उनकी सुरक्षा बलों के साथ हिंसक झड़पें हुईं। इनमें एक पुलिस अधिकारी समेत करीब पांच लोगों की मौत हो गई।यह प्रदर्शन तब स्थगित हुआ, जब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आटे और बिजली दरों में कटौती लाने जैसी मांगें मान लीं। पाकिस्तान की सरकार ने इसके लिए 23 अरब रुपये की सब्सिडी दी। लेकिन यह शांति बुहत टिक नहीं पाई। इस साल अगस्त में, जेकेएएसी ने फिर से आंदोलन की घोषणा कर दी।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### किसान महासंघ का मंडियों में तालाबंदी का ऐलान, खरगोन में कपास की सरकारी खरीदी नहीं, 24 को आंदोलन

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**
खरगोन में भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा कपास की सरकारी खरीदी शुरू न होने के विरोध में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने 24 अक्टूबर को जिले की सभी मंडियों में तालाबंदी का ऐलान किया है। यह निर्णय किसानों की समस्याओं को सांसद और विधायकों को अवगत कराने के बाद लिया गया है। महासंघ के सदस्य 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से मंडियों में धरना प्रदर्शन करेंगे और मंडी गेट पर ताला लगाकर बैठेंगे। इस आंदोलन के संबंध में मंडी सचिवों को पहले ही अल्टीमेटम दिया जा चुका है।

आंदोलन की अगुवाई के लिए महासंघ ने जिले की सभी मंडियों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। इनमें जिलाध्यक्ष किशोर पाटीदार, बड़वाह तहसील अध्यक्ष भीलुराम शाह, रामेश्वर गुर्जर, महेश्वर तहसील अध्यक्ष राकेश पाटीदार, शंकरलाल जाट, बलराम पाटीदार, हरिराम पाटीदार शामिल हैं।

कसरावद में तहसील अध्यक्ष गोरेलाल पाटीदार, निमाड़ प्रांत मंत्री दुलीचंद विरले, नंदराम रांडवा, भीकनगांव में तहसील अध्यक्ष होशीलाल भाई की टीम और सनावद से धर्मेंद्र भाई व सीताराम इंगला आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। जिलाध्यक्ष किशोर पाटीदार ने बताया कि 19 सितंबर को खरगोन कलेक्टर को अवगत कराने पर उन्होंने 1 अक्टूबर से खरीदी शुरू करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, अब मंडी, प्रशासन और खरीदी अधिकारी बहाने बना रहे हैं। महासंघ की मुख्य मांगों में सरकारी एजेंसी सीसीआई द्वारा समर्थन मूल्य पर 25% नमी वाले कपास की खरीदी शामिल है। इन मांगों को लेकर सांसद और महेश्वर, कसरावद, बड़वाह व खरगोन के विधायकों को भी जानकारी दी गई थी, जिसके बाद यह आंदोलन का निर्णय लिया गया।

### डीजल लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा व्यक्ति, आत्मदाह का किया प्रयास

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**
एक अधेड़ एसपी कार्यालय में एक डिब्बे में डीजल लेकर पहुंचा। शरीर पर डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस दौरान एसपी कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों ने अधेड़ ग्रामीण को पकड़कर रोका और उसे पानी डालकर नहलाया। एसपी कार्यालय पहुंचा ग्रामीण मेनगांव थाना क्षेत्र के पिपराटा गांव का रहने वाला है। गांव स्थित नर्सरी में पेड़ कटाई रोकने पर उसके साथ हुई मारपीट से वह नाराज था। पीड़ित सौदान सिंह ने बताया नर्सरी में पेड़ काटने से रोकने पर उसके साथ लोगों ने मारपीट की थी। जब मेनगांव थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर नाराज ग्रामीण सौदान सिंह ने यह कदम उठाने का प्रयास किया। इधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे



मेनगांव टीआई पंकज तिवारी ने संबंधित से चर्चा कर मारपीट करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। टीआई तिवारी ने बताया कि संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई कर ली गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि संबंधित पूर्व में भी इस प्रकार की हरकत कर चुका है। घटना के बाद उसका मेडिकल भी करवाया था। मामले का निराकरण कराया जा रहा है।

### चार बच्चों के पिता ने जहर खाकर जान दी, पंचायत में मेट की नौकरी के बाद बकरीपालन कर रहा था

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**
खंडवा जिले के ग्राम भगवानपुरा में एक 35 वर्षीय युवक ने जहर खाकर जान दे दी। युवक ने गेहूं में रखने वाली दवा गटक ली थी, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण परिजन भी नहीं समझ पा रहे हैं। मूंदी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जितेंद्र बिलाहे पिता राजाराम बिलाहे (35) के रूप में हुई है। जितेंद्र बिलाहे ग्राम पंचायत में मेट भी था और बाद में इंदौर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने लगा था। हालांकि, पिछले एक साल से वह



वापस गांव आ गया था और यहां रहकर बकरीपालन कर रहा था। उसके पास करीब 20 बकरियां थीं। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र बिलाहे ने बुधवार, 21 अक्टूबर को रात के समय गेहूं में रखने का पाउडर खा लिया। जहर खाने का पता चलते ही परिजन उसे पहले मूंदी अस्पताल ले गए। वहां से उसे खंडवा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां आज (गुरुवार) सुबह 4.30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के बुआ के लड़के कालू पचौरे ने बताया कि जितेंद्र बिलाहे बहुत एक्टिव आदमी था और उसे कोई परेशानी नहीं थी। वह चार बच्चों का पिता था। घर वालों को भी यह समझ नहीं आ रहा है कि उसने ऐसा क्यों किया। इधर, इस मामले में मूंदी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### मंडी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर करेंगे काम, भावांतर योजना लोन के विरोध में 29 को आंदोलन

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
मप्र में मंडी कर्मचारी भावांतर योजना के लिए सरकार द्वारा मंडी बोर्ड भोपाल के माध्यम से 1500 करोड़ रुपये का लोन लेने की तैयारी का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध में कर्मचारी 24 से 28 तक काली पट्टी बांधकर कामकाज करेंगे। मंडी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि यदि सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो 29 अक्टूबर को प्रदेशभर के सभी अधिकारी और कर्मचारी एक दिवसीय अवकाश लेकर भोपाल में मंडी बोर्ड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। दीक्षित ने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मंडियों को आर्थिक रूप से क्षति पहुंचने पर किसान, व्यापारी, तुलावटी और मंडी समिति के कर्मचारियों-अधिकारियों का नुकसान होगा। उन्हें वेतन, भत्ते और पेंशन के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

### महाराष्ट्र के लोग भी पाड़ों की लड़ाई देखने आए, बुरहानपुर में 50 से ज्यादा पाड़ों की जंग

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
बुरहानपुर में दीपावली के पड़वा पर शाहपुर में वार्षिक पाड़ों की टक्कर का आयोजन किया गया। इस साल करीब 50 से अधिक पाड़ों के जोड़ों के बीच दोपहर 3 बजे से अलग-अलग मुकाबले हुए। देखने के लिए करीब 50 हजार लोग पहुंचे।

खंडवा और बुरहानपुर जिलों के अलावा महाराष्ट्र के रावेर सहित अन्य क्षेत्रों से भी दर्शक शामिल थे। यह परंपरा सालों से कायम है और हर साल दीपावली के पड़वा पर यह मेला आयोजित होता है। पाड़ों की टक्कर शाहपुर-फोपनार रोड पर अमरावती नदी के किनारे आयोजित मेले में हुई।सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के साथ बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, कांग्रेस शहर अध्यक्ष रिंकू टाक, अजय रघुवंशी, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया और भाजपा नेता गजेंद्र पाटील सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

#### नदी किनारे मौजूद रहे हजारों लोग

दर्शकों में पाड़ों की टक्कर देखने का जबरदस्त उत्साह था। कई लोग शाहपुर से करीब दो किलोमीटर दूर अमरावती नदी पार कर आयोजन स्थल तक पहुंचे। नदी के दोनों किनारों पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे, जबकि कुछ लोग घरों की छतों से भी इस आयोजन का आनंद ले रहे थे।

#### पुलिस ने किए सुरक्षा के इंतजाम

हर साल आयोजित होने वाली पाड़ों की टक्कर में भगदड़ की स्थिति मचती है, लेकिन ऐसा इस बार काफी कम हुआ, भगदड़ केवल पाड़ों और वहां मौजूद कुछ लोगों के बीच हुई जबकि हर साल पाड़े लड़ते हुए लोगों के बीच पहुंच जाते थे, लेकिन इस बार पुलिस ने आयोजन स्थल को लोहे की जालियां लगाकर कवर्ड कर लिया था ताकि पाड़े पब्लिक के बीच नहीं पहुंच पाएं। खास बात यह है कि पाड़ों की टक्कर पर जिले में प्रतिबंध लगा हुआ हैं, लेकिन सालों से चली आ रही यह परंपरा आज भी कायम है।

पुलिस ने आयोजन संपन्न होने के बाद पिछले साल जिले के अलग-अलग थानों में करीब 100 से अधिक लोगों पर 10 एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन इसके बाद भी इस आयोजन के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। हालांकि पुलिस आयोजन से भी पहले भी प्रयास करती है कि आयोजन स्थल तक पाड़ों का परिवहन नहीं हो पाए, लेकिन ऐसा नहीं हो पाता।

### बुजुर्ग महिला से रेप, नशे में धुत आरोपी ने दुष्कर्म के बाद गला दबाया

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**
खंडवा में एक बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया हैं। घटना दिवाली की अगले दिन यानी मंगलवार दोपहर की है। मूंदी थाना क्षेत्र में एक युवक शराब के नशे में धुत होकर दोपहर के समय वह 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर में घुसा और जबरदस्ती रेप किया। महिला ने विरोध किया तो दरिंदे ने गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। बुजुर्ग महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग वहां पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गया।

वृद्ध महिला घर में अकेली रहती है। महिला बीमार है ज्यादातर समय वह घर में रहती है। मंगलवार दोपहर 1 बजे के करीब आरोपी वृद्धा के घर पहुंचा और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। रेप के बाद आरोपी ने महिला को जान से मारने की कोशिश की। जान बचाने के लिए वह चिल्लाने लगी, तब आवाज सुनकर कुछ युवक पहुंचे और फिर पूरा गांव उमड़ गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

#### पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

पुलिस के मुताबिक, महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी राजकुमार पिता सज्जन निवासी कांकरिया जिला हरदा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। आरोपी कुछ सालों से मूंदी थाना क्षेत्र में अपने बहन-जीजा के घर रहता था। वो रबी सीजन में किसानों के खेतों में सिंचाई का ठेका लेता था।

#### गांव में भी पुलिस तैनात

ग्रामीणों ने बताया कि, महिला के चिल्लाने के बाद कुछ बच्चे, जो वहां आसपास थे, वो पहुंच गए। दरिंदा उस समय भाग निकला। लोगों ने उसे काफी देर तक ढूंढ़ा लेकिन वह नहीं मिला। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है, लोगों का कहना है कि यदि आरोपी उनके हाथ लग गया तो उसे मार डालेंगे। मूंदी थाना पुलिस ने भी आरोपी के गांव में आने को लेकर वहां डेरा जमाकर रखा है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आज दूसरे एकदिवसीय में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**एडिलेड (एजेंसी) ●** भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच को जीतकर सीरीज में वापसी के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में ऑस्ट्रेनियाई टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। इस मैच में सभी की नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी रहेंगी। ये दोनो ही पहले एकदिवसीय में रन बनाने में विफल रहे थे। कोहली और रोहित का प्रयास इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा। पहला एकदिवसीय मैच में भारतीय टीम के लिए अच्छा नहीं रहा था। बारिश की बाधा के बीच ही बार-बार मैच रुकने से भारतीय बल्लेबाज अधिक रन नहीं बना पाये और पूरी टीम 136 रनों पर ही आउट हो गयी थी। इस मैच में भारतीय गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर पाये। अब दूसरे






एकदिवीय में भारतीय टीम के बल्लेबाजों के लिए मेजबान गेंदबाजों क्योंकि मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड से सावधान रहना होगा। ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर उछाल और गति होती है और ऐसे हालातों में बल्लेबाजी करना कठिन होता है। इस मैच में अनुभवी स्पिनर एडम ज़म्पा और विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी की भी वापसी होगी। इस मैच में रोहित पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहेगा क्योंकि टीम के पास यशस्वी जायसवाल जैसा खिलाड़ी बैंच पर है। रोहित ने इसी को देखते हुए मैच से पहले काफी अभ्यास किया है। रोहित अभ्यास के लिए समय से पहले ही पहुंच गये थे। अभ्यास सत्र में कोच कोच गौतम गंभीर और सहयोगी स्टाफ भी था।

# कोहली-रोहित को घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह, फिट रहेंगे: संजय जगदाले

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में भारत को मिली हार के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली के परफॉर्मेंस पर सवाल उठ रहे हैं। इस मैच में भारत सात विकेट से हार गया था। इस मैच में रोहित ने 14 गेंदों में 8 रन बनाए, जबकि कोहली आठ गेंदों पर शून्य पर आउट हुए। करीब छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट में लौटे रोहित और कोहली पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में प्रभाव नहीं छोड़ सके।पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता और बीसीसीआई के पूर्व सचिव संजय जगदाले का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को अपनी फिटनेस बनाए रखने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। चूंकि दोनों अब केवल एक ही प्रारूप में रहकर केवल वनडे मैच ही खेल रहे हैं, इसलिए उन्हें घरेलू क्रिकेट से लाभ मिलेगा।

जगदाले ने कहा कि मुझे नहीं पता उनके दिमाग में क्या है, लेकिन घरेलू टूर्नामेंट में खेलना उनके लिए फायदेमंद रहेगा। दोनों खिलाड़ियों के 2027 वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीदें उनके फॉर्म और फिटनेस पर निर्भर हैं।

### नियमित नहीं खेले तो जंग लग जाती है

रोहित और कोहली सफेद गेंद के शानदार खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अब नियमित रूप से नहीं खेलते तो जंग लग जाती है। जैसे आईपीएल में धोनी के साथ हुआ या ब्रायन लारा और मैथ्यू हेडन के साथ। कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहले जैसे नहीं रहते, यह स्वाभाविक है। सिर्फ एक प्रारूप खेलने का जो फैसला उन्होंने लिया है, वह भी उनके लिए कठिन है।

### रोहित 40 और कोहली 38 साल के हो जाएंगे

जगदाले ने कहा कि एक ही प्रारूप का खिलाड़ी बने रहकर तेज धार बनाए रखना मुश्किल होता है। उदाहरण के तौर पर शिखर धवन को देखा जा सकता है, जो कप्तानी के बाद भी जल्द ही वनडे टीम से बाहर हो गए। अब जब कोहली और रोहित केवल वनडे क्रिकेट ही खेल रहे हैं, तो देखना यह होगा कि क्या वे भारत की लंबी अवधि की योजनाओं का हिस्सा बने रहेंगे, क्योंकि अगला 50 ओवर का वर्ल्ड कप अभी दो साल दूर है। लेकिन तब तक रोहित 40 और कोहली 38 साल के हो जाएंगे, लेकिन जगदाले को अब भी उम्मीद है।

## सिने जगत

# फिल्म 'थामा' में मेरी भूमिका थोड़ी अजीब है : नवाजुद्दीन

**मुंबई (एजेंसी) ●** फिल्म थामा को लेकर अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी आजकल चर्चाओं में हैं। अभिनेता ने बताया कि यह किरदार उनके बच्चों के लिए खास रूप से रोमांचक होने वाला है। नवाजुद्दीन ने कहा, यह रोल मेरे लिए काफी अलग और नया है, जिसे मैं लंबे समय से निभाना चाह रहा था। फिल्म में मेरी भूमिका थोड़ी अजीब है, लेकिन यही अजीबपन बहुत दिलचस्प और मजेदार होने वाला है। मैं अपने अनुभव से बेहद खुश हूं। जब मेरे बच्चे फिल्म में मेरे किरदार यक्षासन को देखेंगे, तो यकीनन उसे जरूर पसंद करेंगे। मैंने इस किरदार को निभाने में काफी मेहनत की है। नवाजुद्दीन ने अपनी



भूमिका की एक बल्लेबाज से तुलना की, जो मैच में पूरी तैयारी के बावजूद भी अनपेक्षित गेंद का सामना करता है। उन्होंने आगे कहा, यह रोल मिलना मेरे लिए किसी सौभाग्य से कम नहीं है। फिल्मकार अब भी मुझे नए और अलग अवतार में देख रहे हैं। बता दें कि फिल्म थामा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी यक्षासन नाम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके अलावा, आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल भी लीड रोल में हैं। वहीं पंचायत फेम फैसल मलिक भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। वह पंचायत सीरीज में प्रहलाद चाचा के रोल में दिखे थे।

# फिल्म 'तेरे इश्क में' नवंबर को होंगी रिलीज

**मुंबई (एजेंसी) ●**फिल्म तेरे इश्क में 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन फिल्म का ट्रेलर अभी तक रिलीज नहीं हुआ है। फिल्म के बज के बीच फिल्म का पहला गाना वीडियो के साथ रिलीज कर दिया गया है। साउथ के सुपरस्टार धनुष और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरे इश्क में टीजर के रिलीज के बाद से ही छाई हुई है। फिल्म का टीजर इतना जबरदस्त है कि फिल्म के रिलीज का फैंस इंतजार नहीं कर रहे हैं। तेरे इश्क में फिल्म का पहला गाना तेरे इश्क में का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है। गाने में जहां धनुष अपने टूटे दिल और प्यार के जुनून को कृति के सामने रखते हैं, वहीं कृति का भी अलग रूप देखने को मिला है। फिल्म के टीजर में सिर्फ धनुष का जुनूनी अवतार देखने को मिला था, लेकिन नए गाने में कृति भी इश्क में धोखा खाई लड़की की तरह शराब का सहारा लेती दिख रही हैं। गाने में कृति शराब के नशे में चूर हैं तो धनुष एक्शन मोड में हैं। गाने के लिरिक्स भी दिल को छू जाने वाले हैं, गाने में फुल इमोशन और टूटे दिल की तड़प दिख रही हैं। बता दें कि टाइटल ट्रैक के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं और अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से गाने में जादू डाल दिया है। गाने को कुछ देर पहले ही रिलीज किया गया है और गाना सोशल मीडिया पर छा गया है। फैंस गाने से रिलेट कर रहे हैं और अपने टूटे



दिल की कहानी बता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, कृति और धनुष में प्यार के कुछ ज़्यादा ही रंग दिखा रहे हैं। मैं तो इस फिल्म का दीवाना हो गया हूं। एक दूसरे यूजर ने लिखा, गाने का एक-एक लिरिक्स गूजबंप लाने वाला है और अरिजीत सिंह की आवाज ने दिल जीत लिया।

## उज्जैन संभाग

# झालरिया में डूबने से 2 बच्चों की मौत:खदान के लिए खोदी गई खंती में गए थे नहाने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन ●** उज्जैन के झालरिया गांव में डबरी (खंती) में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। दोनों रिश्ते में ममेरे भाई थे। बुधवार को गांव में अयाज खान (14) निवासी झालरिया, रेहान खान (14) चित्तोड़ राजस्थान, जाहिद खान (15) निवासी झालरिया 2 बजे खदान के लिए खोदी गई खंती में नहाने गए थे। नहाते वक्त तीनों गहरे पानी में चले गए। तीनों डूबने लगे। इस दौरान वहां मौजूद दूसरों बच्चों ने जाहिद को बचा लिया। लेकिन, अयाज और रेहान डूब गए।

### नाना के घर आया था रेहान

तहसीलदार रुपाली जैन ने बताया गया कि जाहिद को बचा लिया गया है। उसका इलाज



चल रहा है। जबकि रेहान और अयाज की डूबने से मौत हो गई। रेहान दिवाली की छुट्टियों में अपने नाना के घर आया था। अयाज और रेहान दोनों ममेरे भाई थे। दोनों का पोस्टमार्ट्म कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# महाकाल मंदिर में पुजारी और संत भिड़े, गर्भगृह में अभद्र भाषा तक हुई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन ●** उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार सुबह गर्भगृह में संत और मंदिर के पुजारी भिड़ गए। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों में गालीगलौज, धक्का-मुक्की और हाथापाई तक हो गई। एक-दूसरे को देख लेने तक की धमकी दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मंदिर प्रशासक को शिकायत दी है।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 8 बजे ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के गादीपति महंत महावीर नाथ, गोरखपुर के महंत शंकर नाथ जी के साथ गर्भगृह में दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान गर्भगृह में मौजूद पुजारी महेश शर्मा ने दोनों संतों की वेशभूषा पर आपत्ति जताई। इस पर बहस शुरू हुई जो विवाद में बदल गई।

### गर्भगृह में धक्का-मुक्की, पुजारी गिरे

धक्का-मुक्की में पुजारी महेश शर्मा नीचे गिर गए। यह विवाद गर्भगृह से निकलकर नंदी हॉल तक पहुंच गया, जहां सुरक्षा कर्मियों ने बीचबचाव कर



दोनों को अलग किया। इसके बाद महंत महावीर नाथ मंदिर परिसर से चले गए।

### पुजारी बोले- हमने नियम बताए थे

महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि सुबह महावीरनाथ ने चोंगा पहनकर और सिर पर फेटा बांधकर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। हमने उन्हें मंदिर के नियम बताए तो उन्होंने अभद्र भाषा बोलते हुए गर्भगृह में गालियां दीं। मना करने पर मुझे धक्का दिया। बाहर आकर भी उन्होंने गालियां दीं। मारपीट की कोशिश की और देख लेने की धमकी तक दी। मंदिर के नियमों को ताक में रखकर लगातार चिल्लाते रहे। हमने महाकाल मंदिर प्रशासक को शिकायत दर्ज कराई है।

### महावीर का आरोप- पुजारी ने की अभद्रता

ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के गादीपति महावीर नाथ ने बताया कि सुबह महाकाल मंदिर में प्रवेश के दौरान पुजारी महेश ने गर्भगृह में विवाद किया। उन्होंने मेरे साथ आए शंकर नाथ जी के साथ अभद्रता भी की। हमने समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने और विवाद करने लगे। फिलहाल हमने साधु-संतों के साथ मंदिर प्रशासक को एक ज्ञापन दिया है।

### दोनों पक्षों ने की शिकायत

घटना के बाद महाकाल मंदिर के पुजारियों ने साधु-संतों की शिकायत मंदिर प्रशासक को की। इस दौरान मंदिर के पुजारी, पुरोहित और बटुक भी इकट्?ठा हो गए। उन्होंने महावीर नाथ के मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। महावीर नाथ ने अन्य संतों के साथ मिलकर स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रामेश्वर दास से भेंट की। इसको लेकर एक बैठक उनके निवास पर की गई। यहां पर करीब 50 से अधिक साधु, संत एकत्रित होकर महाकाल मंदिर के प्रशासक से मिले और उन्होंने महेश पुजारी के खिलाफ अभद्रता करने की शिकायत दर्ज कराई।

### मंदिर प्रशासन बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई


महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि गर्भगृह जैसी पवित्र जगह पर इस तरह का विवाद

# उज्जैन में 4 लाख की 149 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त, ढाबे से पति-पत्नी सहित 3 गिरफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन ●** उज्जैन के पास आगर रोड स्थित श्याम ढाबे से 3 लोगों के पास से चार लाख रुपए की 149 ग्राम एमडी ड्रग जब्त कर गिरफ्तार किया है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो इंदौर ने कार्रवाई की है। यह कार्रवाई उज्जैन झालावाड़ नेशनल हाईवे पर घट्टिया थाना पुलिस के साथ की गई। घट्टिया पुलिस को इंदौर के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो से सूचना प्राप्त हुई कि आगर रोड स्थित श्याम ढाबा पर कुछ व्यक्ति मादक पदार्थों की डिलीवरी के लिए आए हुए हैं। पुलिस ने टीम के साथ श्याम ढाबे से पति-पत्नी सहित 3 आरोपी मंदसौर निवासी मयूर, भैरवगढ़ निवासी बाबर, भैरवगढ़ निवासी रजिया बी के पास से 149 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है।

तीनों पर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की है। एमडी की कीमत करीब चार लाख रुपए है। ड्रग्स को मालवा क्षेत्र में खपाने के लिए लाई गई थी।



# जमीन पर लेटे ग्रामीणों को रौंदती निकली गायें:दंगल में लड़े पाड़े, देवास में बच्चों को गोबर में लिटाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन ●** दीपोत्सव के चौथे दिन मध्य प्रदेश में आस्था और परंपरा का अनोखा संगम दिखा। उज्जैन के बड़नगर में गाय गोहरी पूजन में गायों की पूजा के बाद ग्रामीण जमीन पर लेट गए, जिनके ऊपर से गायें गुजरीं। इस परंपरा के पीछे मान्यता है कि ऐसा करने से खुशहाली और मन्नत पूरी होती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में विधि-विधान से पूजन किया और गाय के बछड़े को गोद में उठाकर दुलार किया। भोपाल में महापौर मालती राय ने नगर निगम कांजी हाउस में गोमाता की आरती कर गौ सेवकों का सम्मान किया। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने गोमाता को ग्रास अर्पित किया। ग्वालियर में सामूहिक



गोवर्धन पूजा में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी शामिल हुए।

### कहीं गोवंश आग पर चले तो कहीं बच्चे गोबर में लेटे

हरदा में गोवंश को आग के ऊपर से निकाला गया, ताकि वे सालभर स्वस्थ रहें। बड़वानी में पाड़ों का दंगल सजा। देवास में बच्चों को गोबर में लिटाकर अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। सेंधवा में आतिशबाजी के बीच पशुओं को मंदिर की सात परिक्रमा कराई गईं। उज्जैन के इस्कॉन मंदिर में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजन किया गया। पकवानों का भोग अर्पित किया गया। वहीं, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा चिंतामन जवासिया में संचालित गोशाला में गोवर्धन पूजा की गई।

# इंदौर की राजनीति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैलाश विजयवर्गीय को बताया 'भाई साहब'

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार, 22 अक्टूबर को इंदौर के हातोद में आयोजित गोवर्धन पूजा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इंदौर नगर निगम के जरिए बनाई गई गोशाला के कार्यों को देखा और सराहना की। सभी की नजरें मंच पर थीं। इसमें लंबे समय बाद इंदौर में सीएम डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक साथ नजर आए। दोनों के बीच खासा राजनीतिक सद्भाव दिखाई दिया।



**सीएम ने इस तरह तीन बार कहा भाईसाहब**–सीएम ने अपने भाषण के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बड़े भइया और भाईसाहब जैसे संबोधनों से नवाजा। उन्होंने लगभग दस मिनट के भाषण में तीन बार मंत्री विजयवर्गीय को भाईसाहब कहकर संबोधित किया। भाषण की शुरुआत में मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधियों के नाम लेते हुए कहा– सभी के अपने वरिष्ठ बड़े भइया, कैलाश विजयवर्गीय भाईसाहब। इसके बाद मंत्री विजयवर्गीय के भाषण में गौमाता की सेवा के आह्वान का जिक्र करते हुए बोले– कैलाश भाईसाहब सही कह रहे हैं। एक बार और उन्होंने मंत्री विजयवर्गीय को भाईसाहब कहकर संबोधित किया।

**सीएम बोले– संडे हो या मंडे, छोड़ो अंडे, दूध पियो**–सीएम ने कहा, संडे हो या मंडे, अब छोड़ो अंडे। दूध का आनंद लो, घी खाओ, इससे सभी बीमारियां दूर हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने विशेष प्रयास किए हैं। आज हम स्वदेशी की बात कर रहे हैं। गौमाता अमृत देती हैं। आज जिस घर में गाय है, वहां गोपाल। गौवंश और मनुष्यवंश एक-दूसरे पर निर्भर हैं, इन्हें अलग नहीं किया जा सकता। हमारी जियो और जीने दो की संस्कृति है। सच्चा भारत गांव में बसता है। आज सभी नगर निगम गौशालाएं बना रहे हैं।

इंदौर नगर निगम ने यहां अच्छी गौशाला बनाई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इतने कम समय में सीएम ने महू में बन रही गोशाला के लिए सवा सौ बीघा जमीन दी है, आने वाले दिनों में यह सबसे बड़ी गौशाला होगी।

### मंत्री विजयवर्गीय बोले- हर विधायक दे पांच लाख

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सीएम ने गौमाता को लेकर विशेष प्रयास किए हैं। पूरी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं होती, जनभागीदारी भी जरूरी है। इसी तरह हर विधायक अपने क्षेत्र में विधायक निधि से हर साल पांच लाख रुपए और सांसद दस लाख रुपए की राशि दें। उन्होंने कहा कि मैंने बेटे आकाश का जन्मदिन भी यहीं मनाया था। सभी यहां आकर जन्मदिन मनाएं और गौशाला को आत्मनिर्भर बनाएं। स्वामी अच्युतानंद ने कहा कि यहां पहले 600 गायें थीं, जो बढ़कर आज 2380 हो गई हैं। नगर निगम के विकास में सभी ने सहयोग किया है। निगमायुक्त रहते हुए शिवम वर्मा ने 70 गौवंश यहां दिए थे। उज्जैन में ढाई हजार गौवंश हो गए हैं।

---

**पटाखा व्यापारी मैदान में अपना कचरा छोड़कर चले गए**

## चिमनबाग मैदान खेलने लायक नहीं छोड़ा, गंदगी का लगा ढेर



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इस बार शांति पथ पर लगने वाली पटाखा दुकानें चिमनबाग मैदान पर लगाई गई। जिसके कारण पूरा मैदान खराब हो गया और दुकानों के कारण हुए नुकसान से मैदान खेलने लायक नहीं बचा, अब खिलाड़ी और खेल संगठन मैदान को फिर ठीक करने की कोशिश में लगे हैं, ताकि खेल फिर शुरू हो सके।

जिला प्रशासन ने शांति पथ पर लगने वाली पटाखा दुकानों को इस बार चिमनबाग मैदान पर दुकान लगाने के लिए लाइसेंस दिए, लेकिन दुकानें लगाने वाले पटाखा व्यापारी अपना सारा कचरा वहीं छोड़कर सामान बटोरकर चले गए। त्योहार निपटने के बाद अब मैदान की हालत खस्ता हो गई है। वहां जगह-जगह कचरे के ढेर पड़े हुए हैं और खेल के इस मैदान पर खिलाड़ी कचरे के बीच ही खेलने को मजबूर नजर आए। चिमनबाग मैदान की इस हालत के बावजूद दो दिन तक मैदान की सफाई में कोई रुचि नहीं लगाई।

---

# करोड़ों के प्रोजेक्ट में हुए कामों को लेकर होगी जांच, दिल्ली से आएगी टीम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बहुचर्चित लाइट हाउस प्रोजेक्ट का घटिया काम अब इन्दौर से लेकर दिल्ली तक चर्चा में है और नगर निगम के अधिकारियों ने इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर शहरी विकास मंत्रालय को भेजी थी, जिसके चलते तीन दिन पहले वीडियो कांफ्रेंसिंग में ठेकेदार और निगम के अफसरों से चर्चा की गई और अब दिल्ली से आने वाले दिनों में टीम आने वाली है, जो पूरे मामले की पड़ताल करेगी।



नई तकनीक और सेंडविच पैनल पद्धति के आधार पर इन्दौर में भी लाइट हाउस प्रोजेक्ट का काम करोड़ों की लागत से शुरू हुआ था और दिल्ली से ही इसका टेंडर फायनल कर केपीआर कंपनी को काम सौंपा गया था। इन्दौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत 8 ब्लाक में 1024 फ्लैट बनाए गए थे और इस पर करीब 400 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च हुई थी। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से फ्लैट को लेकर वहां रहने वाले लोगों ने तमाम शिकायतें शुरू कर दी, क्योंकि अलग-अलग हिस्सों में पानी का रिसाव और सीलन के कारण घरों की हालत खस्ताहाल होती जा रही है। इस मामले को लेकर नगर निगम के अधिकारियों ने रहवासियों से बातचीत के बाद मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की थी और वह रिपोर्ट दिल्ली केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को भेजी गई। तीन दिन पहले मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी कुलदीप नारायण ने इस मामले में निगम के अधिकारियों से बातचीत की और साथ ही ठेकेदार से भी चर्चा की। चर्चा में कई बातों को लेकर विरोधाभास था, जिसके चलते अब दिल्ली शहरी विकास मंत्रालय की एक टीम आने वाले दिनों में इन्दौर आकर लाइट हाउस प्रोजेक्ट की पूरी पड़ताल करेगी। निगम अफसरों का कहना है कि इस कार्य के लिए दिल्ली से टेंडर फायनल करने के साथ-साथ तमाम प्रक्रिया पूरी की गई। यहां सिर्फ अफसरों ने कार्यों की मानिटरिंग की थी।

---

## निगम ने दिया देवास विधायक के तुकोजीराव ट्रस्ट को पलासिया प्लॉट पर संपत्ति-कर नोटिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम ने देवास के स्वर्गीय तुकोजीराव पंवार के नाम पर बने श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव पंवार धार्मिक व चैरिटेबल ट्रस्ट की संपत्ति को लेकर नोटिस जारी किया है। इस ट्रस्ट को वर्तमान में देवास विधायक गायत्री राजे पवार संभालती हैं। यह नोटिस पलासिया में स्थित प्लॉट के संपत्ति-कर को लेकर है।



**इंदौर निगम ने यह थमाया है नोटिस**–पलासिया में 21-22 नंबर पर यह प्लॉट है। यह ट्रस्ट के नाम पर है और 35 हजार 306 वर्गफीट क्षेत्र में है। इसकी मौजूदा कीमत करीब 100 करोड़ रुपए है। इंदौर निगम ने इस प्लॉट पर 1996 से 2022-23 तक का संपत्ति-कर निकाला है। यह खाली प्लॉट का संपत्ति-कर करीब 64 लाख रुपए निकला है। इसी को लेकर यह नोटिस जारी किया गया है।

इस मामले में जब ट्रस्ट ने यहां पर भवन अनुज्ञा के लिए नक्शा लगाया, तो इस नक्शे को रोक दिया गया। इसकी बड़ी वजह यह है की निगम पोर्टल के नियम के अनुसार कोई भी कर बकाया होने पर नक्शा मंजूर नहीं होता है। इसके बाद ट्रस्ट के जरिए 64 लाख रुपए की राशि जमा कराई गई। लेकिन साथ ही इस कर को विवादित मानकर हाईकोर्ट में केस लगाया गया था। इसमें इस कर को गलत बताया गया है।

ट्रस्ट ने अपील की थी कि इस खाली प्लॉट पर इस दौरान कोई भी आवासीय, व्यावसायिक या अन्य उपयोग नहीं किया गया है, ऐसे में यह कर नहीं बनता है। वहीं शासन ने संपत्ति होने पर संपत्ति-कर अधिरोपित होने की बात कही। आखिर में हाईकोर्ट ने इस मामले में निगम को आदेश दिए हैं कि वह संबंधित पक्षकार की तीन माह के भीतर सुनवाई कर फैसला करें।

---

## एमवाय प्रबंधन के नए आदेश से फिर हुई मरीजों को परेशानी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एमवाय हॉस्पिटल इन दिनों अपने ही प्रशासनिक निर्णयों से मरीजों के लिए परेशानी का केंद्र बन गया है। पिछले एक महीने से अस्पताल के लगभग 12 गेटों को बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह निर्णय चूहा कांड के बाद डीन के आदेश पर लिया गया था। जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट लोकेश मुजाल्दा ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में सिर्फ एक मुख्य गेट, दवा बाजार (मधुमिलन से शिवाजी वाटिका मार्ग) के सामने का हिस्सा ही खुला है। यह रास्ता पहले से ही सघन ट्रैफिक वाला क्षेत्र है। अब उसी संकरे मार्ग से एमवाय, सुपर स्पेशलिटी, चाचा नेहरू और कैंसर अस्पताल के मरीजों, परिजनों, डॉक्टरों, स्टाफ, एंबुलेंस, ऑक्सीजन और सप्लाई वाहनों को आना-जाना पड़ रहा है। स्थिति इतनी खराब है कि कई बार एंबुलेंस को हॉस्पिटल परिसर में प्रवेश करने में आधा घंटा तक लग जाता है। इससे गोल्डन ऑवर में पहुंचने वाले गंभीर मरीजों की जान को खतरा बढ़ गया है।

भारत सरकार की इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (IPHS) गाइडलाइन के अनुसार अस्पतालों में अलग-अलग द्वार होना आवश्यक है- इस एकमात्र द्वार से गुजरने में मरीजों को घंटों धक्के खाने पड़ रहे हैं। इलाज के लिए आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं, छोटे बच्चे, इमरजेंसी मरीज, सभी को भयंकर जाम और भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टर और स्टाफ भी समय पर हॉस्पिटल नहीं पहुंच पा रहे हैं।

लोगों का कहना है कि डीन के इस आदेश से न केवल मरीजों की परेशानी बढ़ी है बल्कि शासन की गाइडलाइन का भी खुला उल्लंघन हो रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर एमवाय जैसा प्रतिष्ठित अस्पताल इस तरह लावारिस हालत में क्यों छोड़ा गया है और प्रशासन मरीजों की पीड़ा पर मौन क्यों है?

जिला कलेक्टर और संभागीय कमिश्नर और पुलिस कमिश्नर से मांग करते हैं कि मरीजों की सुविधा और संभावित दुर्घटना से बचने और सुगम यातायात के लिए भारत सरकार की गाइडलाइन का पालन कराया जाय और सभी गेट को शीघ्र खुलवाया जाए।

---

## तेज रफ्तार कार ने 11 वाहनों को टक्कर मारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के हीरानगर में एक तेज रफ्तार कार ने मंगलवार को गली में करीब 11 गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस मामले में करणी सेना के पदाधिकारी ने कार ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने कार जब्त की है। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है।

हीरानगर पुलिस ने करणी सेना के सह संगठन मंत्री मान सिंह राजावत की शिकायत पर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मानसिंह ने बताया कि वह अपने पड़ोसी बाबू कुशवाह से बात कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार वहां से निकली। उसने इस दौरान एक ऑटो रिक्शा सहित करीब 11 दो पहिया वाहनों को टक्कर मार दी। घटना के बाद लोग बाहर निकले तो कार तेज रफ्तार में वहां से निकल गई। बाद में सीसीटीवी निकालकर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने कार जब्त की है। वहीं मामले की ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में चंदूवाला रोड पर मंगलवार रात एक एसयूवी कार ने दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। घटना में दोपहिया चालकों को मामूली चोट आई हैं। हालांकि गुस्साए लोगों ने एसयूवी चालक की जमकर पिटाई कर दी और एसयूवी में तोड़फोड़ की है।

---

## इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस-वे बनने से 7 से 8 घंटे का समय बचेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नेशनल हाईवे का दावा है कि अब उसके निर्माणाधीन प्रोजेक्टों में काम की गति बढ़ेगी, क्योंकि अभी लगातार बारिश के कारण निर्माण अवरुद्ध हो रहे थे। इंदौर से हैदराबाद का जो एक्सप्रेस-वे बन रहे थे, उससे भी लगभग 163 किलोमीटर दूरी कम होगी और 7 से 8 घंटे का समय भी बचेगा। 713 किलोमीटर लम्बे इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण चल रहा है और अगले साल मार्च तक इसे पूर्ण किया जाएगा। 15 हजार करोड़ रुपए की राशि इस पर खर्च की जा रही है। वहीं इंदौर-खंडवा का सफर भी आसान होगा। तीनों टनल, नर्मदा ब्रिज और वाया डक्ट तैयार हो गए हैं और साल की शुरुआत यानी जनवरी में 2 लेन ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा।



इंदौर बायपास पर जहां चार फ्लायओवरों का निर्माण नेशनल हाईवे द्वारा किया जा रहा है, उसके साथ ही पूर्वी और पश्चिमी यानी बायपास के लिए भी भू-अर्जन के साथ अन्य प्रक्रिया जारी है। दूसरी तरफ इंदौर-खंडवा का काम भी अगले पांच माह में नेशनल हाईवे द्वारा पूरा कर लिया जाएगा। धनगांव से बोरगांव बुजुर्ग तक का हिस्सा तो पहले ही बन गया था। अब पुल और टनल का काम पूरा होते ही यह फोरलेन तैयार हो जाएगा। सिमरोल टनल के बाद 450 किलोमीटर लम्बा जो वाया डक्ट निर्मित हो रहा है, उसमें 160 गर्डरों की लॉन्चिंग भी हो चुकी है और बची हुई गर्डरें भी विशाल क्रेनों की मदद से 30 मीटर ऊंचेपियर्स पर रखी जा रही है।

इसी के साथ मोरटक्का में नर्मदा ब्रिज का काम भी तेजी से जारी है। नेशनल हाईवे का कहना है कि जनवरी के अंत तक 2 लेन ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा और फिर अगले दो महीनों में शेष 2 लेन भी पूरी हो जाएगी। इस तरह मार्च अंत तक इंदौर-खंडवा फोरलेन का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसी के साथ 713 किलोमीटर लम्बे इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर का काम भी चल रहा है। फिलहाल 876 किलोमीटर की दूरी तय करने में 18 से 20 घंटे लगते हैं और एक्सप्रेस-वे बनने के बाद जहां दूरी 163 किलोमीटर घटेगी, वहीं सफर भी 10 से 12 घंटे में पूरा हो जाएगा। तेजाजी नगर, सिमरौल, बलवाड़ा, बड़वाह, बुरहानपुर होते हुए इच्छापुर और उसके आगे फिर महाराष्ट्र के जलगांव, अकोला, हिंगोली, नांदेड़ और उससे तेलंगाना में संगारेड्डी होते हुए हैदराबाद पहुंचा जा सकेगा। फिलहाल इस एक्सप्रेस-वे का काम 70 फीसदी पूरा हो चुका है और लॉजिस्टिक हब के रूप में भी यह एक्सप्रेस-वे सौगात के रूप में रहेगा। 15 हजार करोड़ रुपए की राशि इस कॉरिडोर पर खर्च की जा रही है।

---

# किन्नर विवाद : जगतगुरु हिमांगी सखी और महामंडलेश्वर लक्ष्मी त्रिपाठी आमने-सामने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कुछ दिन पहले इंदौर में 24 किन्नरों ने एक साथ फिनाइल पीकर जान देने की कोशिश की थी। इस घटना ने पूरे किन्नर समाज को हिला कर रख दिया है। इसमें अलग-अलग गुट बन गए हैं। ये गुट जमकर एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। ताजा मामला किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी और महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के बीच का है। दोनों ही एक-दूसरे को घेर रही हैं।

संघ से जुड़ी किन्नर जगतगुरु हिमांगी सखी ने पक्ष रखते हुए कहा कि लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी विवाद का मजा ले रही हैं। साथ ही, स्थिति को और बिगाड़ रही हैं। त्रिपाठी ने किन्नर समुदाय को बदनाम करने के लिए वकील के जरिए 5 लाख रुपए दिलवाए, ताकि वह विवादित बयान दे सके। इसके पहले सखी ने बयान दिया था कि इंदौर में गद्दी को लेकर जंग छिड़ी हुई है। एक सनातनी किन्नर को जेल भेज दिया गया। एसआईटी का गठन कर यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि इन्हें भारत में कौन सपोर्ट कर रहा है। सभी किन्नरों की मेडिकल और दस्तावेजों की जांच की जानी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर इसकी जांच की मांग करूंगी। साथ ही हिमांगी ने यह भी मांग की है कि जिहादी किन्नरों के मुद्दे पर प्रशासन जांच करे। महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने इन आरोपों को लेकर कहा कि



वह सनातनी व्याख्यान दे रही हैं। उनका किन्नर समाज से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सचिन सोनकर से पांच लाख रुपए लिए हैं और उनके खिलाफ बयान दिया है। त्रिपाठी ने मांग की है कि हिमांगी को किन्नर समाज में बोलने से रोका जाए। उनके पास हिमांगी को लेकर पूरे सबूत मौजूद हैं। उन्होंने सपना हाजी से फोन पर बात की थी और 5 लाख रुपए लेने के बाद वीडियो बनाया। नंदलालपुरा की गद्दी पर आए किन्नरों ने माफीनामा लिखकर बयान दिया है। साथ ही, कलेक्टर, कमिश्नर को स्टांप पर नोटरी कराकर भेजा है।

**इधर महामंडलेश्वर के बयान से वकील भड़के**–उधर इस बयान में महामंडलेश्वर के जरिए वकीलों को घसीटने से वे नाराज हुए हैं। वहीं इसे मानहानि वाला बयान बताया है। उन्होंने कहा कि त्रिपाठी यदि यह साबित कर दें कि उनके अकाउंट से सपना दीदी और हिमांगी के खाते में 5 लाख रुपए ट्रांसफर हुए हैं, तो वे खुद 50 लाख रुपए देने को तैयार हैं।

### फिनाइल पीने के साथ शुरू हुआ विवाद

विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ दिन पहले नंदलालपुरा के 24 किन्नरों ने सामूहिक रूप से फिनाइल पीकर जान देने की कोशिश की। इस मामले में किन्नर समुदाय की प्रमुख सपना गुरु, राजा हाशमी, अक्षय कुमायु और पंकज जैन के खिलाफ धमकाने और वसूली करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। साथ ही, सपना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, राजा, अक्षय और पंकज पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।